52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 06.6°c | अधिकतम 21.8 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:05 सूर्यास्त-5:21 | वर्ष : 52/ अंक : 344 | शुक्रवार, 13 दिसम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

क्रोध से शुरू होने वाली हर बात, लज्जा और तबाही पर खत्म होती है।

राहुल यूपी को अराजकता और दंगों की आग में झोंकना चाहते हैं : ब्रजेश पाठक

बाबा जी की सत्ता में तो.... ये सब कैसे हो सकता है?.....

मुश्किल में कादिर की बेटियां, कस सकती हैं कानून की बेड़ियां

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)। जैसा कि लगातार देखा जा रहा है कि पांच दिसम्बर के दिन से ही जीएसटी की रेड के बाद उनकी टीम पर हुए हमले से राणा परिवार की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। इसी कड़ी में अब पूर्व सांसद कादिर राणा की बेटियों पर भी शिकंजा कस दिया गया है।

थाना सिविल लाइन पुलिस ने जीएसटी टीम पर हमले के आरोप में कादिर की दोनों बेटियों के खिलाफ धारा 109 बीएनएस बढ़ा दी हैं, जोकि जानलेवा हमले की धारा हैं। कोर्ट में अंतरिम जमानत के मामले में दोनों बेटियों की ओर से गुरूवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट में मेडिकल पेश किया गया था। उनके अधिवक्ता की ओर से अग्रिम जमानत के लिए जिला जज के न्यायालय में अर्जी दाखिल की गई है, जिस पर सुनवाई के लिए 16 दिसम्बर की तारीख तय हुई है। आपको बता दें कि पांच दिसम्बर को जब वहलना चौक स्थित राणा स्टील फैक्ट्री में जीएसटी की छापामारी हुई तो कादिर राणा के सहयोगियों व कर्मचारियों ने टीम पर हमला बोलते हुए उनकी गाड़ी तोड़ दी थी, तभी पूर्व सांसद कादिर राणा, पूर्व विधायक शाहनवाज राणा, उनके बेटे व भतीजों सहित सांसद की बेटियां सादिया व शारिया राणा भी मौके पर पहुंच गई थी और जीएसटी की टीम से सभी ने मिलकर जबरदस्त नोंकोंक की थी। इस

और कसता शिकंजा, अब राणा की बेटियों पर जानलेवा हमले की धारा 109 बीएनएस बढ़ाई

मामले में गुरूवार को दोनों बेटियों की नियमित जमानत पर सुनवाई होनी थी, बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता नकली सिंह त्यागी व कुंवर पाल सैनी ने बीमार होने को कारण बताते हुए पूर्व सांसद की दोनों बेटियों का मेडिकल सीजेएम कोर्ट में प्रस्तुत किया। वहीं थाना सिविल लाइन पुलिस ने आगे की कार्यवाही को अंजाम देते हुए पूर्व सांसद की दोनों बेटियों पर जानलेवा हमले की धारा 109 बीएनएस बढ़ा दी है। इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए जिला जज की कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया है। कोर्ट ने अग्रिम जमानत की सुनवाई के लिए 16 दिसम्बर की तिथि नियत कर दी।

पूर्व सांसद कादिर राणा को बताया गया मुख्य साजिशकर्ता

मुजफ्फरनगर। 5 दिसम्बर को राणा स्टील पर जीएसटी पर हुए हमले में अब एक नया मोड़ आता दिख रहा है, पूर्व सांसद कादिर राणा को मुख्य साजिशकर्ता बताया गया है। जीएसटी टीम की डिप्टी डायरेक्टर श्रेया गुप्ता ने अपने दिए गए बयानों में कहा है कि पूर्व सांसद कादिर राणा हमले के मुख्य साजिशकर्ता हैं। पुलिस श्रेया गुप्ता द्वारा दिए गए बयान के आधार पर उनकी भूमिका की जांच कर रही है। हालांकि माना जा रहा है कि पुलिस बयानों के आधार पर पूर्व सांसद कादिर राणा को इस केस में धारा 120बी के अंतर्गत आरोपी बना सकती है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि जीएसटी की डिप्टी डायरेक्टर श्रेया गुप्ता ने कोर्ट में दिए अपने बयानों में कहा है कि फैक्ट्री में हुए हमले के दौरान पूर्व सांसद कादिर राणा भी साजिश में शामिल थे। इसी बयान के आधार पर कादिर राणा की मामले में भूमिका की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

चरथावल के अमित धर्मांतरण मामले में फुलत के मौलाना समेत आरोपियों को समन जारी

मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)। कोर्ट ने चरथावल निवासी अमित प्रजापति को जबरन गौमांस खिलाने का दबाव बनाने और धर्मांतरण कर अब्दुल्ला बनाने के प्रकरण में आरोपियों को दोबारा समन जारी किए हैं। आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हो पाए। मामले में फुलत मदरसे का मौलाना कलीम भी आरोपी है। उसे एक मामले में उम्रकैद की सजा हो चुकी है। एसीजेएम द्वितीय कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 25 जनवरी नियत की।

अमित प्रजापति के धर्मांतरण के मामले में चरथावल थाने में 10 नवंबर 2021 को मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें पीड़ित ने आरोप लगाया था कि वह फर्नीचर शोरूम में काम करता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात सलीम से हुई थी। उसका कहना था कि मई 2014 को आरोपी उसे फुलत स्थित मदरसा जामिया इमाम शाह वलीउल्लाह इस्लामिया ले गया। वहां उसका धर्म परिवर्तन कराने के लिए मौलाना कलीम सिद्दीकी ने कलमा पढ़वाकर उसका नाम अब्दुल्ला रख दिया था। पीड़ित ने पुलिस को बताया था कि उसे जमात में ले जाकर नमाज व कलमा पढ़ना सिखाया गया था। इसके बाद उसे अब्दुल्ला बनाकर वर्ष 2015 में मदरसा देवबंद में उर्दू व अरबी भाषा सीखने के लिए भेजा गया था। 25 अक्तूबर 2021 को उसकी पिटाई की गई और उस पर गोमांस खाने का दबाव डाला गया। इसके बाद वह जैसे तैसे वह जान बचाकर भाग आया था। पुलिस ने मौलाना कलीम सिद्दीकी, हाजी सलीम, दिलशाद, जाहिद मुल्ला, नौशाद, मोमीन और इसरार प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 17 अप्रैल 2022 को आरोप पत्र दाखिल किया था। एसीजेएम द्वितीय कोर्ट में आज इस मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी पेश नहीं हो सके। इसके बाद अदालत ने मामले में दोबारा समन जारी करने के आदेश दिए। मामले के एक आरोपी फुलत मदरसे के मौलाना कलीम को दूसरे प्रकरण में लखनऊ में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। एटीएस ने मौलाना को 21 सितंबर 2021 को मेरठ में गिरफ्तार किया था। उस पर विदेशी पैसे से धर्म परिवर्तन कराने तथा अन्य आरोप लगाए गए थे।

महिला के हत्यारे को आजीवन कारावास

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)। 22 सितम्बर वर्ष 2002 में नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के बागोवाली चौराहे पर होटल चलाने वाली एक महिला गंगा पत्नी महेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गंगा का पति महेश फौज में नौकरी करता था तथा मृतक गंगा अपने दो बच्चों के साथ होटल चलाती थी तथा बीमारी के कारण गंगा के पति महेश फौजी की भी मौत हो गई थी। उसके बाद से बहन को पेंशन मिलती थी, पेंशन के पैसे उसका देवर कृष्ण मांगता था, जिसको लेकर आये दिन विवाद रहता था।

घटना के दिन आरोपी देवर कृष्ण ने ही नौशाद निवासी जौला के साथ बागोवाली चौराहे पर स्थित होटल पर पहुंचकर उसकी बहन की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में 22 सितम्बर वर्ष 2002 को गंगा की बहन रीता पत्नी उमेश निवासी आसाम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमे की सुनवाई एडीजे 4 कनिष्क कुमार की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन की तरफ से सात गवाह कोर्ट में पेश किये गये, कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई की और उसके बाद आरोपी नौशाद को आजीवन कारावास और दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई, जबकि इस मामले में गंगा के देवर कृष्ण को 2003 में ही आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है।

मृतका गंगा की बहन रीता व दोनों बच्चों की गवाही बनी अहम

मुजफ्फरनगर। नौशाद को आजीवन कारावास की सजा के मामले में एडीजीसी कमल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना के वक्त मृतका गंगा की बहन मुकदमा वादी रीता व मृतका के दोनों नाबालिग बच्चे मौके पर ही मौजूद थे, फिलहाल तीनों आसाम में रह रहे थे। अभियोजन व पुलिस के सहयोग से तीनों गवाहों को आसाम से गवाही के लिए जनपद में बुलाया गया। पुलिस ने तीनों की सुरक्षा में कोर्ट में बयान दर्ज कराये, उसके बाद ही आरोपी नौशाद के खिलाफ साक्ष्य मजबूत हुए और उसको कोर्ट से सजा मिली।

जनरल स्टोर संचालक के घर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के गौशाला नदी रोड मौहल्ले में गुरूवार की देर शाम आग लग गयी। जनरल स्टोर संचालक सुनील अरोरा के घर लगी आग में लाखों रूपये का सामान जलकर खाक हो गया। गुरूवार को गौशाला रोड स्थित सुनील अरोरा के घर की ऊपरी मंजिल पर लगी आग ने एकाएक भयावह रूप ले लिया, जब तक परिवारजनों को आग लगने का पता लगा, तब तक आग अपना विकराल रूप दिखा चुकी थी। गनीमत यह रही कि जिस सुनील अरोरा के घर आग लगी तो उस कमरे में कोई मौजूद नहीं था। ऐसे में आनन फानन में परिवार के लोगों ने शोर मचाते हुए क्षेत्र के लोगों को एकत्र किया और पुलिस एवं दमकल की गाड़ियों को इसकी सूचना दी गयी। गौशाला नदी रोड की गलिया छोटी होने के कारण दमकल की गाड़ियां बामुश्किल सुनील अरोरा के घर तक पहुंची और भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सुनील अरोरा के बेटे तनुज ने बताया कि घर में रखा लाखों रूपये का सामान जिसमें लकड़ी-लोहे की अलमारी, डबल बैड, गद्दे व अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गये हैं। आपको बता दें कि पीड़ित कारोबारी सुनील अरोरा का टाउन हॉल पर जनरल स्टोर का काम है तथा उसका बेटा तनुज अरोरा मोबाइल एसेसीरीज का काम करता है। घर में लगी बड़ी आग के बाद पूरा परिवार दहशत में लग रहा था। बस गनीमत यह रही कि उक्त घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

शौहर रिजवान बोला, मुस्कान के बिना मेरी जिन्दगी बेकार, एसएसपी से लगाई बेगम दिलाने की गुहार

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)। बुढ़ाना कोतवाली के हुसैनपुर गांव का निवासी रिजवान अपनी बीवी को वापस दिलाने की गुहार लेकर दर-दर की ठोकरें खाता हुआ आज एसएसपी आफिस पहुंचा और अपने इश्क की कहानी को बयां करते हुए बताया कि वह अपनी बीवी मुस्कान के बगैर जी नहीं पायेगा। ऐसे में वह बीवी के बिना मर ही जायेगा। रिजवान ने बताया कि डेढ़ साल पहले उसने सहारनपुर निवासी मुस्कान के साथ प्रेम-प्रसंग के बाद कोर्ट मैरिज कर ली थी। मगर परिवार के लोग उनकी इस शादी से खुश नहीं थे। इसी के चलते ससुराल के लोग मुस्कान को धोखे से उसके घर ले गये और ना ही उससे फोन पर बात करने दे रहे हैं और उल्टा थाने में शिकायत करने पर वहां से निकलते ही जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। रिजवान ने इसकी शिकायत सम्बन्धित थाने में की मगर जब उसे वहां से न्याय की कोई उम्मीद नहीं लगी तो वह एसएसपी आफिस पर आया और गुहार लगाई कि उसे उसकी बीवी वापस दिलाई जाये और उसकी फोन पर बात कराई जाये। उसने आरोप लगाया कि मुस्कान के चाचा ने उसे फोन पर जान से मारने की धमकी भी दी है। मीडिया से हुई बातचीत में उसने बताया कि वह मुस्कान के बिना रह नहीं पायेगा। पुलिस ने यदि उसके ससुराल वाले के खिलाफ नहीं की तो वह मुस्कान के प्यार में अपनी जान दे देगा।

भलवा चौकी इंचार्ज की गालियों की पीड़ितों पर बौछार, क्या यही है मुजफ्फरनगर पुलिस का व्यवहार?

ऑडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने तत्काल कार्यवाही कर किया आरोपी दरोगा को लाइन हाजिर

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)। जानसठ के भलवा चौकी इंचार्ज सुधीर राजौरा का बुधवार की देर रात एक ऑडियो वायरल हुआ। ऑडियो सुनकर किसी को यकीन नहीं आया कि यह ऑडियो उत्तर प्रदेश के ही मुजफ्फरनगर के एक दरोगा का है। गुरूवार दिन निकलने तक उक्त ऑडियो की पुष्टि में पूरी मीडिया और पुलिस कर्मी लगे रहे, मगर दोपहर होने से पहले ही इसकी पुष्टि हो गई।

उक्त ऑडियो में भलवा गांव में शीशम की लकड़ी को लेकर कोई विवाद चल रहा है। उक्त विवाद के चलते ही आरोपी दरोगा सुधीर राजौरा बदसलूकी तो कर ही रहे हैं, साथ ही साथ ऐसी गालियों का प्रयोग कर रहे हैं, जिसे न तो ऑडियो द्वारा सुनाया जा सकता और न ही लिखा जा सकता है। दरोगा द्वारा की गई ऐसी अभद्रता से आम लोगों के दिलों में विभिन्न तरह के सवाल पनप रहे हैं, लोगों का कहना है कि मुजफ्फरनगर पुलिस का रवैया या व्यवहार क्या पीड़ितों के प्रति यही है कि उन्हें मां बहन की गालियां दी जायें और अपनी बात पुलिस के समक्ष रखने पर उन्हें यह कहा जाये कि नेतागिरी कम दिखाओ नहीं तो ऐसा इलाज कर दूंगा कि जिन्दगी भर याद रखोगे। पांच मिनट तीस सेकेंड की इस ऑडियो में बातें कम और गालियां ज्यादा दी जा रही हैं। यदि इसी तरह का व्यवहार प्रत्येक दरोगा का होगा तो पीड़ित तो अपना गला घोंटकर ही बैठ जायेंगे और वो अपने पक्ष की बात रख ही नहीं पायेंगे। जिस-जिस ने भी बुधवार देर रात वायरल हुई इस ऑडियो को सुना, उसने तौबा करते हुए कहा कि क्या यही मुजफ्फरनगर पुलिस का पीड़ितों के प्रति व्यवहार है? उक्त ऑडियो को सुनने के बाद स्वयं एसएसपी अभिषेक सिंह ने चौकी इंचार्ज पर कार्यवाही करते हुए उसे लाइन हाजिर कर दिया। जानसठ तहसील भीम आर्मी के महासचिव पंकज पीड़ित पक्ष के साथ एसएसपी से मिले थे और पूरी जानकारी उनको देते हुए कार्यवाही की मांग की थी।

पूजा स्थल अधिनियम मामला लंबित रहने तक न सर्वे होगा न कोई मामला दर्ज - सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 12 दिसंबर (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को निर्देश दिया कि जब तक पूजा स्थल अधिनियम 1991 की वैधता से संबंधित मामला उसके समक्ष लंबित है, धार्मिक स्थलों या तीर्थस्थलों के संबंध में कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता या जिला अदालतों द्वारा सर्वेक्षण का आदेश तब तक नहीं दिया जा सकता। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा, "जब मामला (पूजा स्थल अधिनियम 1991 की वैधता से संबंधित) इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है, तो अन्य लोगों के लिए इसमें हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा।" हालांकि, शीर्ष अदालत ने कहा कि नए मुकदमे दायर किए जा सकते हैं, लेकिन उन्हें पंजीकृत नहीं किया जाएगा और जिला अदालतों द्वारा कोई प्रभावी आदेश पारित नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने याचिकाओं के एक समूह पर विचार करते हुए कहा कि कानून के क्रियान्वयन की मांग करने वाली याचिका पर भी केंद्र द्वारा कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है। इस तथ्य के मद्देनजर शीर्ष अदालत ने 1991 के कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को चार सप्ताह का और समय दिया। शीर्ष अदालत की नवगठित पीठ ने कहा,"मुकदमे दायर किए जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती...जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो क्या दूसरों के लिए इस पर रोक लगाना उचित नहीं होगा...जब तक हम मामले की जांच नहीं कर लेते, तब तक कोई प्रभावी आदेश या सर्वेक्षण आदेश पारित नहीं किया जा सकता।"

रोडवेज बस स्टैंड पर मिले युवक की हत्या का खुलासा

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)। 7 दिसम्बर को थाना सिविल लाइन क्षेत्र में रोड बस स्टैंड के द्वार नं. 2 पर एक युवक का शव पड़ा मिला था, जिसकी शिनाख्त मनीष कुमार निवासी थाना मंसूरपुर निवासी नरा के रूप में हुई थी। मृतक मनीष के सिर पर चोटों के निशान थे तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद उसकी हत्या की बात सामने आई थी। इस मामले में पुलिस ने मनीष के भाई अंकुर त्यागी की ओर से अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला थाने में दर्ज कर लिया था। थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर रोडवेज डिपो के ही संविदा चालक राजकुमार उर्फ राजू निवासी आवास विकास कॉलोनी जनपद बिजनौर व अरविन्द राठी निवासी अवध विहार कॉलोनी मूल निवासी थाना लक्सर हरिद्वार को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की गयी तो उन्होंने हत्या की बात कबूल ली। दोनों आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि 6 दिसम्बर की रात मनीष बस के पास खड़ा था। दोनों ने जब मनीष को बस के पास खड़ा होने से मना किया तो मनीष ने राजकुमार के सिर पर शराब का पव्वा मार दिया, जिसके बाद दोनों ने जोश में आकर उसकी जमकर पिटाई की और एक ईंट उठाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों से हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल ईंट बरामद की और मामले का खुलासा कर दोनों का चालान कर दिया।

कूकड़ा मंडी में तमंचा लहराने व फायरिंग करने वालों पर किया मुकदमा दर्ज

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)। बुधवार को नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के कूकड़ा मंडी स्थित एक युवक पर हमला करते हुए हथियार लहरा दिये थे। इस मामले में एक युवक सचिन प्रजापति ने हौसला दिखाते हुए क्षेत्र के लोगों के सहयोग से बाइक सवार बदमाशों को थाम लिया था, जिसके बाद बदमाश और आक्रमक हो गये तथा पिस्टल व तमंचे लहराते हुए भाग जाने में कायमाब रहे, जिसकी शिकायत हाथोंहाथ क्षेत्र के लोगों ने पुलिस को की और यह भी बताया कि उक्त बदमाश सचिन प्रजापति पर फिर एक बार हमला जरूर करेंगे। ऐसे में सचिन प्रजापति की सुरक्षा की गुहार क्षेत्र के लोगों ने पुलिस से लगाई थी। सचिन के पिता महेन्द्र निवासी तुलसीपार्क ने बताया कि उन्होंने भी जब हमलावरों को पकड़ने का प्रयास किया तो उन्होंने पिस्टल तान दी। ऐसे में पुलिस ने गुरूवार को हमलावर नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।उधर गांव मेघाखेड़ी निवासी सागर पुत्र मुकेश ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि जीत सिंह मार्केट में ई-रिक्शा शोरूम पर कार्य करता है। शोरूम के निकट ही चेतन निवासी पचैंडा कलां, वीशू आदि पांच से अधिक युवकों ने उसके साथ मारपीट की है और तमंचे दिखाकर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ की कोशिश में जुटी है।

थप्पड़ प्रकरण: अब बदलेगा पीड़ित छात्र का स्कूल, कोर्ट ने दिए निर्देश

शिक्षा विभाग स्कूल तलाशने में जुटा, एकत्र की गई सूची

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)। जनपद के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के खुब्बापुर के नेहा पब्लिक स्कूल में हुए थप्पड़ प्रकरण को लेकर गुरूवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस बीच पीड़ित छात्र की वर्तमान स्थिति को लेकर बीईओ ने रिपोर्ट कोर्ट में दी। सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ित छात्र के घर और शहर के शारदेन स्कूल की दूरी अधिक होने के चलते आरटीई के तहत शिक्षा विभाग को छात्र का आसपास के सबसे बेहतर स्कूल में प्रवेश कराने के निर्देश दिए। नए सत्र में छात्र को प्रवेश कराने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने विद्यालयों को चिन्हित करना शुरू कर दिया है। कोर्ट में सुनवाई की अगली तिथि तीन फरवरी लगाई गई है। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव खुब्बापुर में स्थित नेहा पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या द्वारा बीते वर्ष स्कूल में वहां पढ़ने वाले छात्र को अन्य छात्रों से थप्पड़ लगवाए थे। इस बीच में छात्र को लेकर टिप्पणी भी की गई थी, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर उस वक्त वायरल होने के बाद मामला बढ़ जाने के बाद यह मुद्दा विदेशों तक छाया रहा। इस चर्चित मामले में पूर्व प्रधानमंत्री के पौत्र ने सुप्रीम कोर्ट में रिट दाखिल की थी, जिसके बाद कोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया। विशेषज्ञों ने टीम ने पहुंचकर पीड़ित छात्र के साथ स्कूल के अन्य छात्रों की कई दिन तक काउंसलिंग की। वहीं कोर्ट के संज्ञान के बाद छात्र का दाखिला नगर के सीबीएसई स्कूल शारदेन में करा दिया गया। करीब एक वर्ष से अधिक समय से वह इसी पब्लिक स्कूल में पढ़ रहा है। गुरूवार को सुप्रीम कोर्ट में बीईओ किरण यादव ने प्रक्रिया की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में प्रेषित की, जिसमें एक बिंदु यह रखा गया कि छात्र की घर व विद्यालय की दूरी करीब 25 किमी है, जिसमें शिक्षा विभाग परिवहन खर्च भी देता है। छात्र अपने पिता के साथ दुपहिया वाहन से आता-जाता है। इस महत्वपूर्ण बिंदु को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने छात्र का प्रवेश उसके घर के आसपास के क्षेत्र में स्थित सबसे बेहतर स्कूल में कराने के निर्देश दिए हैं।

इन्होंने कहा- खतौली बीईओ किरण यादव ने बताया कि नए सत्र में छात्र का दाखिला उनके आसपास के स्कूल में कराया जाएगा, जिसमें लिए करीब 15 से 20 स्कूलों की सूची विभाग से निकलवाई गई है। उन्होंने बताया कि मामले की अगली सुनवाई के लिए तीन फरवरी की तिथि निर्धारित हुई है। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह के मामले को लेकर राज्य सरकार के लिए भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

कम्पनी की बढ़ी अब मुश्किलें, एक करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

▶ शर्तों का उल्लघंन व लापरवाही के आरोप पर हुई कार्यवाही ▶ कम्पनी पर जुर्माने के तहत हुई भुगतान में कटौती, वेतन लटका

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)। नगरपालिका परिषद् संग हुए अनुबंध के आधार पर शहरी क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण कार्य कर रही दिल्ली की कंपनी एमआईटूसी सिक्योरिटी एंड फैसिलिटीज प्रा. लि. आर्थिक संकटों से घिरने लगी है। वेतन मामले में 5 दिनों तक कर्मियों की हड़ताल का प्रकरण प्रशासन के सहयोग से निपटा तो अब पालिका प्रशासन द्वारा कंपनी पर शर्तों का उल्लघंन करने व कार्य के प्रति लापरवाही साबित होने पर एक करोड़ का जुर्माना कंपनी के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। ऐसे में पालिका ने कंपनी को जुर्माने के रूप में काटी रकम का भुगतान करने से इंकार कर दिया, जिससे कंपनी कर्मियों का 2 माह का वेतन फंस गया है। पालिका द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व डलावघरों से कूड़ा निस्तारण व्यवस्था में एमआईटूसी कंपनी संग अनुबंध करते हुए नगर के 55 वार्डों में घर-घर से कूड़ा उठाने के साथ सभी डलावघरों से कूड़ा निस्तारण कंपनी के सुपुर्द कर दिया। पालिका ने इसके लिए कंपनी को 92 लाख रुपये हर माह भुगतान तय किया। वहीं हर घर और प्रतिष्ठान से यूजर चार्ज वसूली कर, कंपनी को पालिका में जमा कराना अनुबंध की शर्तों में शामिल रहा। अब पालिका ने शर्तों का उल्लघंन करने और कार्य के प्रति लापरवाही व अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के आरोप में आर्थिक दंड रोपित किया है। कंपनी पर पालिका ने एक करोड़ 5 लाख रुपये जुर्माना लगाया है और भुगतान से ये रकम काट ली है। नवंबर माह में कंपनी को 92 लाख में से मात्र 45 लाख का भुगतान किया और अक्टूबर माह के भुगतान से 60 लाख रुपये की कटौती की गई है। दो माह में कंपनी पर एक करोड़ पांच लाख रुपये का जुर्माना होने से कंपनी में हलचल मची हुई है। कंपनी लगातार पालिका से काटी गई रकम का भुगतान मांग रही है, लेकिन पालिका ने रकम देने से इंकार कर दिया है, जिससे कंपनी आर्थिक संकट में है।

इन्होंने कहा- एमआईटूसी कंपनी परियोजना प्रबंधक पुष्पराज सिंह ने बताया कि बिना कोई सटीक कारण ही पालिका ने सितम्बर व अक्टूबर के तय भुगतान से पैसा काट लिया है। हम अक्टूबर माह से काटा 60 लाख रुपये पालिका से मांग रहे हैं। अभी कंपनी के साथ में कार्यरत सुपरवाइजरों व ऑफिस स्टाफ का वेतन नहीं दिया। इनका एक माह का वेतन करीब 12-13 लाख बैठता है। 32 लाख का भुगतान पालिका ने दिया था, उससे वाहन चालकों और सफाई हैल्परों का वेतन दिया जा चुका है। गुरूवार को पालिका पहुंचकर एनएसए डॉ. अतुल कुमार से मिले और समस्या रखते हुए भुगतान की मांग की, लेकिन उन्होंने जांच चलने की बात कहते हुए भुगतान पत्रावली पर स्वीकृति प्रदान करने से इंकार कर दिया। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह का कहना है कि कंपनी के खिलाफ जेई जलकल जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित 3 सदस्यीय समिति जांच कर चुकी है, जिसमें अधिकांश आरोप कंपनी के खिलाफ सही पाये गये हैं। इसी कारण भुगतान रोका गया है। इसमें नगर स्वास्थ्य अधिकारी को जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के समक्ष प्रकरण रखने के साथ भुगतान पर निर्णय हो पायेगा। उधर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि ईओ के आदेश पर कंपनी के खिलाफ शिकायतों पर जांच की गई, इसमें आरोप सही पाये गये हैं, जुर्माना स्वरूप ही कंपनी की राशि का भुगतान रोका गया है। सितम्बर में 48 लाख का भुगतान किया, शेष 44 लाख सिक्योरिटी मद में काटी गई और अक्टूबर में 32 लाख का भुगतान कंपनी को दिया है। 60 लाख रुपया बतौर जुर्माना रोका गया है।

पेट्रोल पम्प ने किए हाथ खड़े, कंपनी को तेल मिलना बंद

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)। पालिका संग कूड़ा निदान में जुटी एमआईटूसी कंपनी के समक्ष आर्थिक संकट मंडराने लगे हैं। कंपनी ने शहर में जिन शर्तों पर काम करना स्वीकार किया था, उन्हें पूरा न कर पाने पर नगर पालिका ने रसद रोक दी है। पूर्व में हुई जांच में मिली खामियों के कारण पालिका प्रशासन ने कंपनी का भुगतान रोक दिया। कंपनी के परियोजना प्रबंधक पुष्पराज सिंह का कहना है कि पालिका से पैसा न मिल पाने के कारण तेल का बंदोबस्त करना मुश्किल हो गया, क्योंकि पेट्रोल पम्प से कंपनी वाहनों को डीजल मिलना बंद होने लगा है, वहीं खराब हो रहे वाहनों की मरम्मत भी नहीं हो पा रही है। यही नहीं वाहनों में पंक्चर जोड़ने वाले ने भी भुगतान के बिना कार्य करने से इंकार कर दिया है। कर्मचारियों के वेतन को लेकर तनाव अलग से बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि कंपनी छोटे-बड़े 102 वाहनों से काम कर रही है। ऐसे में शहर में प्रतिदिन करीब 70-80 हजार रुपये का डीजल वाहनों में खर्च हो रहा है, जिसमें महीने में 20-25 लाख रुपये का तेल लग रहा है। पम्प से 15 दिन के उधार के अनुबंध पर कंपनी काम कर रही है, लेकिन अब पम्प का भुगतान बढ़ गया है। यूजर चार्ज वसूलने में भी पालिका का सहयोग नहीं मिल रहा है। प्राइवेट कर्मी वसूली नहीं करने देते हैं, प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी नहीं होने से समस्या बढ़ी है।

छपार पुलिस ने मुठभेड़ में बदमाश किया लंगड़ा

छपार, 12 दिसम्बर (बु.)। छपार थाना पुलिस ने बदमाश को मुठभेड़ में लंगड़ा कर उससे चोरी की गई भैंस बरामद की गई। छपार थाना पुलिस को सूचना मिली कि तेजलहेड़ा से बसेड़ा मार्ग राजबाहा पटरी पर बदमाश है। सूचना पर पुलिस पहुंची, तो आरोपी ने पुलिस पर फायर किया। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ गोली चलाई, जिससे बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश की निशानदेही पर थाना क्षेत्र के बिजोपुरा गांव से चोरी की गई भैंस को बरामद किया। पकड़ा गया बदमाश इसरार उर्फ छांगा पुत्र इशहाक निवासी लावड़ थाना इंचैली मेरठ को इलाज हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया। पकड़े गए बदमाश से मोबाइल के साथ ही एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा 315 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक मदनपाल सिंह, अनवर अब्बास, रूपेश कुमार, हैड कॉस्टेबिल महेश कुमार, कॉ. दीपक सैनी, पवन कुमार शामिल रहे। छपार थाना क्षेत्र में कई स्थानों से भैंस चोरी की घटनाएं हुई थी, जिसके बाद पुलिस चोरों की तलाश में जुटी थी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 12 दिसंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 13 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1232: इल्तुतमिश ने ग्वालियर पर कब्जा किया। 1675: सिख गुरू तेग बहादुर दिल्ली में शहीद हुए। 1772: नारायण राव सतारा के पेशवा बने। 1920: नीदरलैंड के हेग में लीग ऑफ नेशंस का अंतरराष्ट्रीय न्यायालय स्थापित। 1921: प्रिंस ऑफ वेल्स ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। 1921: वाशिंगटन सम्मेलन के दौरान अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन, जापान और फ्रांस के बीच ह्यफोर पॉवरह्ल संधि पर हस्ताक्षर। 1926: भारत के भूतपूर्व 22वें मुख्य न्यायाधीश कमल नारायण सिंह का जन्म। 1937: चीन और जापान के बीच हुए नानजिंग के युद्ध में जापानियों की जीत, जिसके बाद तीन लाख से ज्यादा चीनियों का नरसंहार हुआ। 1955: गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर का जन्म। 1959: आर्क विशप वकारियोस साइप्रस के प्रथम राष्ट्रपति चुने गए। 1961: मंसूर अली खान पटौदी ने दिल्ली में इंग्लैंड के खिलाफ अपने टेस्ट करियर की शुरूआत की। 1974: माल्टा गणतंत्र देश बना। 1977: माइकल फरेरा ने राष्ट्रीय बिलियड्र्स चैंपियनशिप में नये नियमों के तहत 1149 अंक का सर्वाधिक ब्रेक लगाया। 1981: पोलैंड की सेना ने सत्ता पर कब्जा किया। 1989: देश के पहले मुस्लिम गृह मंत्री मुफ़्ती मोहम्मद सईद की पुत्री को आतंकवादियों के चंगुल से छुड़ाने के लिए पांच आतंकवादियों को जेल से रिहा किया गया। 1996: कोफी अन्नान संयुक्त राष्ट्र के महासचिव चुने गए। 2001: दिल्ली स्थित भारतीय संसद पर आतंकवादियों ने हमला किया। 2003: इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को गिरफ्तार किया गया। 2002: यूरोपीय संघ ने तुर्की के साथ एक बहुप्रतीक्षित समझौतेको मंजूरी दी। 2004: इस्लामाबाद में भारत और पाकिस्तान की बीच परमाणु और सर क्रीक पर वार्ता प्रारंभ। 2006: विश्व व्यापार संगठन द्वारा 150वें सदस्य के रूप में वियतनाम को शामिल करने की अधिसूचना जारी। 2007: श्रीलंकाई सेना एवं लिट्टे के बीच हुए संघर्ष में 17 लिट्टे उग्रवादियों की मौत। 2012: नेत्रहीन 20-20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 30 रनों से हराकर विश्व कप अपने नाम किया।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया 1400, रसकट ढैया 1180-1200, चाकू 1300-1490, लड्डू 1400-1500, खुरपापाड़ 1290-1310, शक्कर मसाला 1480-1500। आमद- 6000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	79900	चांदी-	94800
सिक्का-	10500	गिन्नी-	59745

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 13 दिसम्बर, 2024

मेष- समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, प्रतियोगिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।

वृषभ- आज दिन 1/19 बजे तक समय अशुभ, समस्याओं से चिन्तित, स्वयं का निर्णय अहितकर, शेष समय संतोषजनक, कार्य-व्यवसाय में उन्नति, धर्म के प्रति रुचि।

मिथुन- आज दिन 1/19 बजे तक समय शुभ, बकाए धन की प्राप्ति, आपसी सौहार्द, दाम्पत्य सुख, शेष समय संतोषजनक, परिवार में आपसी मतभेद, क्रोध अधिकता।

कर्क- भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, व्यापारिक विस्तार, पुरातन विवाद का समापन, चित्त प्रफुल्लित, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, मानसिक शांति, यात्रा संतोषजनक।

सिंह- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, पारस्परिक सम्बन्धों में सुधार, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, सुख शांति का वातावरण, परिवार में मंगल आयोजन सम्पादित, खुशी।

कन्या- आज दिन 1/19 बजे तक कठिनाइयां, व्यावसायिक असफलता, आरोग्य सुख में कमी, जोखिम से हानि, शेष समय अनुकूल, विचारित कार्यों में प्रगति।

तुला- आज दिन 1/19 बजे तक समय लाभ में सहायक, स्वयं का निर्णय हितकर, यात्रा सुखद, शेष समय निराशाजनक, प्रगति में अड़चनें, वाद-विवाद से तनाव, अशांति।

वृश्चिक- योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, आशानुकूल घटनाएँ घटित, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

धनु- दिनचर्या व्यवस्थित, निजी जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, उच्चाधिकारियों से अपेक्षित सहयोग, लाभ का मार्ग प्रशस्त।

मकर- आज दिन 1/19 बजे तक समय अशुभ, जोखिम से हानि, योजना की पूर्त में बाधा, पदोन्नति में व्यवधान, शेष समय बेहतर, परिश्रम के अनुरूप सफलता।

कुम्भ- आज दिन 1/19 बजे तक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, शारीरिक सुख की अनुभूति, प्रियजनों से सहयोग, व्यापार में धन निवेश, शेष समय असंतोषजनक, व्यर्थ भ्रमण।

मीन- निराशा का समापन, व्यवसाय में विस्तार, नवपरिवर्तन की योजना फलीभूत, सफलता का सुयोग, सुसमाचार की प्राप्ति, आकस्मिक लाभ, सद्विचारों का उदय।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

युवाओं को स्वावलंबी और रोजगारयुक्त बनाना सरकार की पहली प्राथमिकता है : डॉ. निर्वाल

भोपा, 12 दिसम्बर (बु.)। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत राजकीय पॉलिटैक्निक जटवाड़ा में छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल और संस्थान के प्राचार्य आकाश वाजपेई ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 98 छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए। मुख्य अतिथि डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि आज शिक्षा का स्वरूप बदल चुका है। आधुनिक समय में तकनीकी शिक्षा और डिजिटल शिक्षा के द्वारा वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में बने रहना नितांत आवश्यक है।

केंद्र और प्रदेश सरकार ने युवाओं को स्वावलंबी एवं रोजगारपरक शिक्षा के प्रयासों में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के द्वारा युवाओं के लिए नूतन प्रयोग करते हुए आधुनिक शिक्षा हेतु निःशुल्क टेबलेट वितरित करने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की हुई है, जिससे करोड़ों युवाओं को लाभ हुआ है जिसके परिणामस्वरूप देश और प्रदेश के युवा आगे बढ़ रहे हैं। संस्थान के प्रधानाचार्य और कार्यक्रम अध्यक्ष आकाश वाजपेई ने भी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के अद्वितीय प्रयासों से छात्रों को सरलता के साथ आधुनिक तथा विश्वस्तरीय शिक्षा के साथ जुड़ने का अवसर मिला है। इससे पूर्व पॉलिटेक्निक विद्यालय पहुंचने पर मुख्य अतिथि डॉ. वीरपाल निर्वाल का प्राचार्य आकाश वाजपेई और विभागाध्यक्ष सोहनवीर सिंह व पवन कुमार द्वारा प्रतीक चिन्ह व बुके भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र छात्राओं के अलावा भाजपा के रविंद्र सिंह, महिपाल राठी, पं. रामकुमार शर्मा आदि भी उपस्थित हुए। संचालन चारू श्वेता चौधरी ने किया।

श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के वीर और शाहबाज ने जीता स्वर्ण पदक

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)। श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की इकाई श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के छात्र-छात्राओं ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा जोन स्तर पर आयोजित डॉ. अब्दुल कलाम इंटर टैक्निकल यूनिवर्सिटी लिटरेरी मैनेजमेंट एण्ड टेक्निकल फेस्ट 2024-25 की विभिन्न प्रतियोगी स्पर्धाओं में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इनोक्वेस्ट नामक प्रतिस्पर्धा में श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के बीटेक इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के चतुर्थ वर्ष के छात्र वीरसन एवं मो. शाहबाज ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अर्जित किया तथा जंक्यार्ड वॉर्स प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त किया। आगामी 13 व 14 दिसम्बर 2024 को लखनऊ में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग करने के लिए जोनल लेवल के गोल्ड मेडलिस्ट टीम को आमंत्रित किया गया है, जिसमें श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के छात्र वीरसन व मौ. शाहबाज प्रतिभाग करेंगे। चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ से छात्रों ने सफलता के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को 13 एवं 14 दिसम्बर 2024 को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित होने जा रही प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

डॉ. कलाम इंजीनियरिंग यूनीवर्सिटी लखनऊ में 13 व 14 दिसम्बर को दोनों विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा में करेंगे प्रतिभाग

नहीं थम रही दारा सिंह की राड़, लगातार संजीव पर कर रहे वार

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)। दारा सिंह प्रजापति अपने अवैध मकान पर बुल्डोजर चलने के बाद इस तरह से बौखलाए हुए हैं कि संगीत सोम की तरह अब संजीव बालियान पर लगातार वार कर रहे हैं। दो दिन पूर्व भी दारा सिंह प्रजापति ने संजीव बालियान पर आरोप लगाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। अब उसके बाद भी लगातार वार करने का दौर जारी है। दारा सिंह प्रजापति की एक वीडियो सामने आयी, जिसमें दारा सिंह प्रजापति पूरे गुस्से में दिखाई दे रहे हैं, साथ ही साथ खुद आत्महत्या करने के साथ-साथ संजीव बालियान को अखाड़े में उतरने की चुनौती भी दे रहे हैं। वीडियो में दारा सिंह प्रजापति साफ कहते दिखाई पड़ रहे हैं कि जिस भी दफ्तर में संजीव बालियान बैठे हो, वो खुलकर अखाड़े में आ जाये और उनसे कुश्ती लड़ ले। अगले 50 साल भी संजीव बालियान को जीतने दिया तो कह देना। दारा सिंह प्रजापति ने कहा कि डीएम कार्यालय पर जा रहा हूं और न्याय ना मिला तो आत्महत्या कर लूंगा मगर संजीव को किसी भी हाल जीतने नहीं दूंगा। आपको बता दें कि दारा सिंह प्रजापति मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़े थे। वें खुद तो तीसरे नम्बर पर रहे थे मगर डेढ़ लाख वोट लेकर संजीव बालियान को हार का मुंह दिखाया था, जिसके बाद से लगातार दारा सिंह प्रजापति संजीव बालियान पर वार पर वार कर रहे हैं। मगर संजीव बालियान ने एक बार भी उक्त मामले में स्पष्टीकरण नहीं दिया कि आखिर दारा सिंह प्रजापति उन पर जो इल्जाम लगा रहे हैं वे कितने सही और कितने गलत हैं। दारा सिंह प्रजापति का कहना है कि अवैध निर्माण तो एक बहाना है, संजीव बालियान अपनी हार की खीज निकालकर मुा पर जुल्म ढाहने की कोशिश कर रहे हैं मगर मेरे साथ पूरा प्रजापति समाज खड़ा है, जिस दिन चाहूंगा अपनी बिरादरी के हजारों प्रजापति लोग इकट्ठा करके संजीव बालियान का तमाशा निकाल दूंगा। आपको याद हो कि चुनाव के दौरान ही भाजपा के अपने संगीत सोम ने भी इसी तरह के आरोप संजीव बालियान पर लगाये थे और भाजपा हाईकमान सिर्फ तमाशा देखता रह गया था। अब उसी तरह के आरोप बसपा से चुनाव लड़े दारा सिंह प्रजापति लगाते दिखाई दे रहे हैं और पूर्व सांसद संजीव बालियान को जवाब नहीं दे रहे हैं।

दुर्दशा-जल बचाओ अभियान सिर्फ कागजों तक हुआ सीमित

बुढ़ाना क्षेत्र के महलजना गांव में यहां-वहां टंकियों से बह कर बर्बाद हो रहा है शुद्ध पेयजल

बुढ़ाना, 12 दिसम्बर (बु.)। गांव महलजना में जल बचाओ अभियान दम तोड़ रहा है। यहां पर समय-समय पर प्रोग्राम कर ग्रामीणों को जल बचाने के लिए सचेत भी किया जा चुका है, लेकिन कोई अमल न तो ग्रामीण कर रहे और न ही कोई भी संबंधित अधिकारी जिसके चलते पानी की खूब बर्बादी हो रही है और इस हिसाब से जल बचाओ अभियान मात्र कागजों में ही चल रहा है। महलजना गांव के करार बेग ने बताया कि दो साल पहले गांव में टंकी के निर्माण के लिए बोरवेल चालू हुआ था, लेकिन टंकी का टैंक नहीं बनाया गया था, जिसके चलते जो पाइप जमीन में अंडरग्राउंड लगे हैं, वे जगह जगह से लीकेज हैं और जो छोटी छोटी टंकियां हैं, उनका पानी रोकने के लिए टोंटी भी नहीं लगाई गई हैं, जिसके चलते पूरे गांव में दो साल से पानी की बरबादी हो रही है। जो कि चिंता का विषय है। जरूरतमंद ग्रामवासियों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है। ठेकेदार और ग्राम प्रधान ने जल की बर्बादी के मामले में पूरी तरह से पल्ला झाड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को हंगामा किया और कहा कि जल बचाने को जगह-जगह दीवारों पर स्लोगन लिखे हैं, लेकिन जल बचाने पहल कोई भी नहीं कर रहा है। जल बचाने का नारा सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। क्या अधिकारी ध्यान देंगे?

दिल्ली में 32 अवैध बांग्लादेशियों की हुई पहचान

नई दिल्ली, 12 दिसंबर (एजेंसी)। दिल्ली के उपराज्यपाल के आदेश के बाद गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली पुलिस ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ अपने सत्यापन अभियान के दूसरे दिन 32 से अधिक लोगों की पहचान की। पुलिस सूत्रों द्वारा यह जानकारी साझा की गई। उन्होंने बताया कि ये लोग अवैध रूप से पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में रह रहे हैं। एक अधिकारी ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि विभिन्न पुलिस की टीम झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों और दिल्ली के कालिंदी कुंज, शाहीन बाग एवं जामिया नगर में संदिग्ध बांग्लादेशी प्रवासियों के मतदाता पहचान पत्र तथा आधार कार्ड की जांच कर रही है।

आम आदमी को महंगाई से नहीं मिलेगी राहत, अभी कम नहीं होंगे आटे के दाम!

नई दिल्ली, 12 दिसंबर (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने गेहूं और बढ़ते आटे के दाम को कंट्रोल में करने के लिए कदम उठा रही हैं। इसके लिए सरकार ने गेहूं के लिए लागू भंडारण सीमा में संशोधन किया है। सरकार ने भंडारण सीमा में बड़ी कटौती की है। यानी अब ट्रेडर्स और मिलर्स पहले के मुकाबले गेहूं का कम स्टॉक रख सकेंगे। सरकार ने ये कदम सिस्टम में गेहूं की सप्लाई बढ़ाने और जमाखोरी की संभावनाओं को खत्म करने के लिए उठाया है। गेहूं के कारोबार से जुड़े व्यापारियों का कहना है कि, केंद्र सरकार ने इससे पहले भी गेहूं की स्टॉक लिमिट का नियम लगाया गया था। हालांकि जिस तेजी से गेहूं के भाव में गिरावट आनी चाहिए, वैसा कुछ देखने में नहीं आ रहा है। इन दिनों देश में गेहूं की भारी कमी है। लेकिन सरकार पिछले दो साल से इस तरह के पैटर्न को अपना रही है। लेकिन बाजार में इतना गेहूं है कि नहीं कि सप्लाई बढ़े। सरकार दावा कर रही है कि देश में पर्याप्त गेहूं का स्टॉक है। यह सही नहीं है। इस वर्ष करीब करीब 8 से 10 मिलियन टन की गेहूं की कमी है। इसकी वजह से ही रेट बढ़ रहे है। हालांकि सरकार के इस फैसले से रेट में अगले एक दो हफ्ते कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पिछले छह माह से जो दाम चढ़ रहे थे। उनमें अब थोड़ी स्थिरता आएगी। रेट बढ़ने से रुक जाएंगे। खाद्य मंत्रालय ने गेहूं की लिमिट में कटौती की घोषणा करते हुए कहा, खाद्य सुरक्षा बनाए रखने, जमाखोरी और अटकलों से कीमतों पर असर को खत्म करने के लिए सरकार ने स्टॉक लिमिट लगाई है। जो कि देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कारोबारी, थोक कारोबारी, रिटेलर, बिग चेन रिटेलर खाद्य उत्पादों को प्रोसेस करने वालों पर लागू है। सरकार गेहूं के दाम में कमी लाने के लिए लगातार कोशिश कर रही है। इसी कोशिश के तहत भारत सरकार ने गेहूं की स्टॉक लिमिट में बदलाव करने का फैसला लिया है जो कि 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगा। खाद्य मंत्रालय ने कहा कि, देश में खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने और जमाखोरी रोकने के लिए भारत सरकार ने थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी और छोटी रिटेल चेन और प्रोसेसर्स पर गेहूं की स्टॉक लिमिट लगाई है।

एनएसयूआई का भाजपा सांसद के आवास पर प्रदर्शन

नई दिल्ली, 12 दिसंबर (वार्ता)। कांग्रेस से सम्बद्ध छात्र इकाई राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा सदस्य निशिकांत दुबे के आवास के बाहर गुरुवार को विरोध प्रदर्शन कर उन्हें गुलाब का फूल भेंट किया और उनसे छात्रों के अधिकारों पर ध्यान देने का आग्रह किया। एनएसयूआई के मीडिया विभाग के प्रभारी रवि पांडे ने यह जनकारी देते हुए बताया कि सदस्यों ने सांसद को गुलाब का फूल भेंट किया और उनसे कॉर्पोरेट हितों को प्राथमिकता देने की बजाय छात्रों के अधिकारों पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस दौरान एनएसयूआई के अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि निशिकांत दुबे खुले तौर पर अडानी का पक्ष लेने की बजाय संसद में छात्रों और युवा वर्ग के मुद्दों पर ध्यान दें। हमारे सदस्यों ने उन्हें गुलाब का फूल दिया ताकि उन्हें जिम्मेदारी का एहसास हो और छात्रों के भविष्य को दरकिनार कर कॉर्पोरेट हितों को महत्व देना बंद करें।

राष्ट्रद्रोह केस में सांसद कंगना रनौत कोर्ट में नहीं हुई हाजिर, अब 18 दिसंबर की दी गई तारीख

आगरा, 12 दिसंबर (एजेंसी)। राष्ट्रद्रोह वाद के केस में सांसद फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत बृहस्पतिवार को भी स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए अनुज कुमार सिंह की कोर्ट में हाजिर नहीं हुई। उनकी तरफ से कोई अधिवक्ता भी हाजिर नहीं हुआ। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 18 दिसंबर की तारीख तय कर दी। राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ अदालत में वाद दायर किया था। स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए अनुज कुमार सिंह ने कोर्ट में धारा 200 सीआरपीसी के तहत अधिवक्ता के बयान दर्ज हुए थे। अधिवक्ता ने वाद पत्र में लिखा है कि वह देश के किसानों के प्रति और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति पूर्ण रूप से श्रद्धा भाव एवं सम्मान रखते हैं। 26 अगस्त 2024 को भाजपा सांसद कंगना रनौत ने टीवी चैनलों पर दिए साक्षात्कार में किसानों पर अभद्र टिप्पणी की। इसके पहले 16 नवंबर 2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसात्मक सिद्धांत का मजाक उड़ाया था। कोर्ट ने 13 नवंबर को कंगना के दिल्ली एवं कुल्लू मनाली के पते पर दो नोटिस भेजकर 28 नवंबर को हाजिर होने के लिए आदेश दिए थे। नोटिस रिसीव होने के बाद भी कंगना 28 नवंबर को कोर्ट में हाजिर नहीं हुई । तब कोर्ट ने फिर से दो नोटिस देकर 7 दिसंबर की तारीख सुनवाई के लिए तय की थी। बाद में आज की तारीख दी थी। संसद के दोनों सदनों में आज भी जोरदार हंगामे हुआ। लोकसभा में अदाणी मुद्दा और कांग्रेस-सोरोस के कथित लिंक के आरोपों के अलावा ज्योतिरादित्य सिंधिया पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर हंगामा हुआ।

कश्मीर के मैदानी इलाकों में हुआ मौसम का पहला हिमपात

श्रीनगर, 12 दिसंबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के कई मैदानी इलाकों में इस वर्ष के मौसम का पहला हिमपात हुआ, जिससे लंबे समय से चले आ रहे शुष्क मौसम से लोगों का राहत मिली। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को बताया कि बुधवार देर रात उत्तर, दक्षिण और मध्य कश्मीर के कुछ हिस्सों में हल्का हिमपात हुआ, जिससे लंबे समय से चले आ रहे शुष्क मौसम से राहत मिली। गुलमर्ग के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट, सुंदर सोनमर्ग और सुरम्य पहलगाम सहित ऊंचाई वाले इलाकों में रात भर मध्यम हिमपात हुआ।यहां ताजा बर्फबारी के कारण कई प्रमुख सड़कें बंद हो गईं। लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण संपर्क श्रीनगर-लेह राजमार्ग भारी हिमपात होने के कारण बंद कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर में अगले सात-10 दिनों तक शीतलहर और शुष्क मौसम जारी रहने का अनुमान है। हिमपात होने से रात के तापमान में काफी बढ़ोतरी हुई, लेकिन यह हिमांक बिदु से नीचे रहा। राजधानी श्रीनगर में बुधवार को तापमान शून्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस से घटकर शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छात्रा अनुष्का त्यागी, अनुक्रमांक-25190835, कक्षा-10 उत्तीर्ण वर्ष 2023 ने विद्यालय- मेपल्स एकेडमी, जड़ौदा,देवबन्द, जिला-सहारनपुर, 30प्र0 से CBSE बोर्ड परीक्षा कक्षा-10 उत्तीर्ण की है, जो कि मेरी पुत्री है। विद्यालय रिकार्ड में गलती से छात्रा की जन्मतिथि 28.12.2007 (अट्ठाईस दिसम्बर दो हजार सात) दर्ज हो गयी है, जबकि मेरी पुत्री अनुष्का की सही जन्मतिथि 26.03. 2007 (छब्बीस मार्च दो हजार सात) है, जो कि मेरी पुत्री के विद्यालय अभिलेख में दर्ज किया जाना आवश्यक है।

विकास त्यागी
पुत्र श्री जगदीश प्रसाद त्यागी
ग्राम व पोस्ट- बड़कली, जिला- मुजफ्फरनगर

भारतीय स्टार गुकेश को राष्ट्रपति मुर्मू से पीएम मोदी तक ने दी बधाई

सिंगापुर, 12 दिसंबर (एजेंसी)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने बुधवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 14वें दौर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर इतिहास रच दिया। वह सबसे युवा विश्व चैंपियन बन गए। गुकेश की ऐतिहासिक जीत ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक ने उन्हें बधाई दी है। राष्ट्रपति ने कहा- विश्व शतरंज चैंपियनशिप जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने पर गुकेश को हार्दिक बधाई। उन्होंने भारत को बहुत गौरवान्वित किया है। पीएम मोदी ने भी गुकेश को बधाई दी और उनकी तारीफों के पुल बांधे। उन्होंने कहा- यह ऐतिहासिक और अनुकरणीय!

डोनाल्ड ट्रंप बने 'पर्सन ऑफ द ईयर 2024'

वाशिंगटन, 12 दिसंबर (एजेंसी)। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को गुरुवार को 'टाइम' पत्रिका ने 2024 का टाइम पर्सन ऑफ द ईयर चुना। यह सम्मान उन्हें 'इतिहास में अभूतपूर्व वापसी करने' और 'दुनिया में अमेरिका की भूमिका बदलने' के लिए दिया गया है। पत्रिका ने डोनाल्ड ट्रंप को 'एक पीढ़ी में एक बार होने वाले राजनीतिक बदलाव लाने' और 'अमेरिकी राष्ट्रपति पद को नए सिरे से परिभाषित करने' के लिए भी सम्मानित किया। यह दूसरा मौका है जब डोनाल्ड ट्रंप को यह सम्मान मिला है, इससे पहले उन्हें 2016 में यह पुरस्कार मिला था। वहीं नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टाइम पत्रिका के कवर पेज पर आने पर खुशी भी जताई है और मजाकिया अंदाज में पत्रिका को धन्यवाद भी दिया।

मिनाक्षी बोली, रैन बसेरे में किसी को पैसे देने की जरूरत नहीं

- बस साफ-सुथरे ढंग से रहा करो - नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने किया रेन बसेरों का औचक निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)। बृहस्पतिवार देर रात को ठंड में रेन बसेरो के औचक निरीक्षण के लिए नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप अपने सभासदगण, अधिकारियों के साथ दल-बल से पहुंची ओर जाते ही जे.ई कपिल कुमार को रेन बसेरो में कुछ शौचालयों ओर बाथरूम के मरम्मत कार्यो को जल्द से जल्द कराने के लिए कहा गया। साथ ही चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्य पूरा नहीं हुआ तो कार्यवाही होगी। दूसरा रेन बसेरो में रहने वाले व्यक्तियों से व्यवस्था की जानकारी भी ली, कहीं कोई उनसे पैसे तो नहीं ले रहा है। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरों में ठहरे लोगों से व्यवस्था के बारे में जानकारी भी ली तो लोगों ने बताया कि रेन बसेरे की व्यवस्था अति उत्तम है। साफ बिस्तर, ओढ़ने को कम्बल ओर पीने को साफ पानी मिल रहा है। चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने रेलवे रोड स्थित रेन बसेरे व अन्य अस्थाई रेन बसेरो का भी निरीक्षण किया। रेन बसेरों में वहा चारों ओर 4 इंच की ईंट की बॉउंड्री ओर टिन पर पड़ी तिरपालों को चेक कराया, जिससे पाले ओर बारिश के मौसम में पानी टपकने की समस्या ना हो। इस दौरान उन्होंने निःशुल्क कंबलों का वितरण भी किया। इस दौरान उनके साथ मनोज वर्मा सभासद, मोहित मलिक सभासद, हनी पाल सभासद, शलभ गुप्ता एडवोकेट, जे.ई. कपिल कुमार, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार, सुनील कर्णवाल, कविंद्र आदि पालिका कर्मचारी ओर अधिकारीगण मौजूद रहे।

अचानक हाथरस पहुंचे राहुल बोले-पीड़ितों को उनके हाल पर नहीं छोड़ सकते

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरूवार को कहा कि हाथरस के पीड़ितों के साथ अपराधियों की तरह का व्यवहार किया जा रहा है और इससे वे बहुत डरे हुए हैं, लेकिन उन्हें उनके हालात पर नहीं छोड़ा जा सकता इसलिए कांग्रेस उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूरी ताकत के साथ उनके पक्ष में खड़ी रहेगी। उत्तर प्रदेश के हाथरस में आज अचानक पहुंचे श्री गांधी ने पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात के बाद कहा कि पीड़ित परिवार के लोगों ने उन्हें जो व्यथा सुनाई उसने उन्हें झकझोर कर रख दिया है। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ितों के लिए भय का कारण बने हुए हैं। सरकार ने पीड़ितों से जो वादे किये थे वे पूरे नहीं हुए हैं। सरकार ने हाथरस के पीड़ितों के साथ वादा-खिलाफी की है। गौरतलब है कि चार साल पहले हाथरस में दलित समुदाय की युवती पर दुष्कर्म के बाद हमला हुआ था और इस मामले में तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटना के कुछ दिनों बाद युवती की यहां सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे। श्री गांधी ने हाथरस में पीड़ितों से मिलने की जानकारी देते हुए कहा कि आज

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

निर्मला सीतारमण और राहुल गांधी

केन्द्रीय वित्त मन्त्री निर्मला सीतारमण ने बैंकिंग व्यवस्था पर बेबुनियाद सवाल उठाने के लिए राहुल गांधी को करारा जवाब दिया है। राहुल गांधी ने सच को जाने बिना ही बैंकिंग व्यवस्था पर सवाल उठाकर एक और सेल्फ गोल कर लिया है। राहुल गांधी और कांग्रेस इस समय जो भी मुद्दा उठाते हैं, वही उल्टा पड़ जाता है। हरियाणा और महाराष्ट्र में करारी हार के बाद भी राहुल और कांग्रेस कोई गंभीर बात करने को तैयार नहीं हैं और गलती पर गलती करते ही जा रहे हैं। निर्मला सीतारमण ने राहुल के उठाए सवालों का बिन्दु वार तथ्यों के साथ सटीक जवाब दिया है। यह जवाब हिन्दी और अंग्रेजी में निर्मला सीतारमण ने एक्स पर भी पोस्ट किया है। राहुल गांधी कल हाथरस की यात्रा पर थे, कई नेताओं का कहना है कि बैंकिंग व्यवस्था पर गलत सवाल उठा कर आलोचनाओं से बचने के लिए राहुल ने हाथरस का रुख किया है, ताकि बैंकिंग व्यवस्था पर उनके किए सेल्फ गोल से लोगों का ध्यान हट सके। हाथरस में चार साल पहले हुए रेपकांड के पीड़ितों से मिलने के लिए राहुल गांधी हाथरस पहुंचे, इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता कांग्रेस पर बिफर गए हैं। राज्य के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि आये दिन राहुल गांधी ऊल-जलूल हरकत करते रहते हैं। राहुल गांधी दिग्भ्रमित हैं। वह पूरी तरह से डिरेल हो चुके हैं। हाथरस मामले को सीबीआई देख रही है। एक ओर जहां प्रदेश आगे बढ़ रहा है, तो वहीं कांग्रेस नेता राज्य को दंगों और हिंसा की आग में झोंकना चाहते हैं। राज्य के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल गांधी के हाथरस दौरे पर कहा कि वो राजनीति कर रहे हैं। राहुल गांधी पर तो इंडिया गठबंधन और कांग्रेस ही को विश्वास नहीं है। जॉर्ज सोरोस के साथ लगातार कांग्रेस का कनेक्शन जुड़ रहा है। राहुल गांधी से ऑल इंडिया बैंकिंग ऑफिसर्स कनफेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल मिलने आया, उनसे मुलाकात के बाद राहुल ने एक्स पर लिखा, सार्वजनिक बैंकों को प्रत्येक भारतीय तक कर्ज की सुविधा प्रदान करने के लिए बनाया गया था। मोदी सरकार ने जनता की इन जीवन रेखाओं को केवल अमीरों और शक्तिशाली समूहों के लिए निजी फाइनेंसर में बदल दिया है। इस पोस्ट के जवाब में सीतारमण ने कहा कि राहुल गांधी ने तथ्यों को गलत तरीके से पेश कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मेहनती कर्मचारियों और उन नागरिकों का अपमान किया है, जो एक साफ-सुथरी, मजबूत बैंकिंग प्रणाली से लाभान्वित होते हैं। अब समय आ गया है कि कांग्रेस विपक्ष के नेता की शासन के बारे में समझ को बढ़ाने का काम करे। यह राहुल के लिए कड़ा कटाक्ष था। वित्त मंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा कि ऐसी स्थिति वास्तव में संप्रग शासन के दौरान थी, जब कांग्रेस के नेतृत्व वाली तत्कालीन संप्रग सरकार में बैंक कर्मचारियों को परेशान किया जाता था और उन्हें फोन बैंकिंग के माध्यम से अपने करीबी लोगों को कर्ज देने के लिए मजबूर किया जाता था। सीतारमण ने लिखा है, क्या विपक्ष के नेता से मिलने वालों ने उन्हें नहीं बताया कि हमारी सरकार ने 2015 में संप्रग सरकार की फोन बैंकिंग गतिविधियों का खुलासा करते हुए संपत्ति गुणवत्ता समीक्षा शुरू की थी? यह पूरा विवाद राहुल गांधी के एक सोशल मीडिया पोस्ट से शुरू हुआ। इसमें वह ऑल इंडिया बैंकिंग ऑफिसर्स के एक डेलिगेशन से बातचीत कर रहे हैं। वीडियो पोस्ट करते हुए राहुल ने लिखा कि आज मैंने एक डेलिगेशन से मुलाकात की, जिन्होंने हमारी सरकारी बैंकों की स्थिति और आम लोगों पर इसके प्रभाव पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि सरकारी बैंकों में आम लोगों तक सर्विस पहुंचाने की बजाय प्रॉफिट को प्राथमिकता दी जा रही है। मोदी सरकार को इन बैंकों का इस्तेमाल अपने धोखेबाज दोस्तों के लिए बंद करना चाहिए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन पर भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को लेकर निराधार बयान देने का आरोप लगाया। वित्त मंत्री ने मोदी सरकार के दौरान भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में हुए सुधारों और उपलब्धियों को गिनाते हुए राहुल गांधी के आरोपों को बेबुनियाद और तथ्यों से परे बताया। कांग्रेस के यूपीए शासन के दौर में कॉरपोरेट क्रेडिट के अत्यधिक केंद्रीकरण और अंधाधुंध ऋण वितरण ने ही बैंकों की सेहत बिगाड़ दी थी, तब सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सत्ता में बैठे लोगों के खास मित्रों के लिए एटीएम की तरह इस्तेमाल किया जाता था। यूपीए शासन के दौरान ही बैंक कर्मचारियों को डराकर, फोन बैंकिंग के जरिए अपने चहेतों को मनमाने लोन देने पर मजबूर किया जाता था। हमारी सरकार ने 2015 में एसेट क्वालिटी रिव्यू शुरू करके यूपीए सरकार की इसी फोन बैंकिंग की काली करतूतों को उजागर किया? मोदी सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र में 4 आर रणनीति से सुधारों को शुरू किया। निर्मला सीतारमण ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सिर्फ. सरकार ही नहीं, आम जनता भी शेयरधारक है। उन्हें मिलने वाला लाभांश सिर्फ सरकार के लिए ही नहीं, बल्कि इन निवेशकों के लिए भी आय का स्रोत है। क्या विपक्ष के नेता से मिलने वालों ने उन्हें नहीं बताया कि 54 करोड़ जन धन खाते और 52 लाख करोड़ से अधिक बगैर गारंटी ऋण विभिन्न प्रमुख वित्तीय समावेशन योजनाओं स्टैंड-अप इंडिया, पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा के तहत मंजूर किए गए हैं? राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि क्या विपक्ष के नेता से मिलने वालों ने उन्हें नहीं बताया कि पिछले 10 वर्षों में 10 लाख रुपये तक के ऋणों में 238 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और कुल ऋणों में उनकी हिस्सेदारी 19 प्रतिशत से बढ़कर 23 प्रतिशत हुई है? इसी प्रकार, 50 लाख रुपये तक के ऋणों में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और उनकी हिस्सेदारी 28 प्रतिशत से बढ़कर 42 प्रतिशत हो गई है। ये सब छोटे उद्यमियों और आम जनता को मजबूत करने के लिए किए गए कदम हैं। क्या विपक्ष के नेता से मिलने वालों ने उन्हें नहीं बताया कि भर्ती अभियान और रोजगार मेले के जरिए केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों, व सरकारी बैंकों में लाखों रिक्तियों को भरा गया है? वित्त मन्त्री निर्मला सीतारमण की यह पोस्ट बहुत विस्तार से है। इस पोस्ट पर लोग भी टिप्पणी कर रहे हैं। लोग बता रहे हैं उन्हें लोन मिला, जल्दी मिला। राहुल से मिलने भी राहुल जैसे ही लोग आए और राहुल ने जल्दबाजी में बिना किसी समझदार से सलाह लिए ये निराधार बातें पोस्ट कर दी और अपनी एक बार फिर खिल्ली उड़वा ली।

चार तीर

सुनील उत्सव

"गुफ्तगू" "परख" "अल्फाज" "भेद"

किसी से भी कहीं पर भी,संभल कर गुफ़्तगू करना,
परख लहजे की होती है सभी अल्फाज तुलते हैं।
कहीं खुलने पे आओ तो कभी पूरे नहीं खुलना,
जरा सा भेद खुलते ही बहुत से भेद खुलते हैं।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को लेकर डीएम ने किया मंथन

- पात्रों को समय रहते योजना का लाभ दिलाने पर दिया जोर - अपूर्ण कार्यों पर समय रहते निर्माण व गुणवत्ता पर बल

मुजफ्फरनगर,12 दिसम्बर (बु.)। जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक विकास भवन सभागार में डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने योजना के अंतर्गत कराए कार्यों से डीएम को अवगत कराया। डीएम ने समस्त बीडीओ तथा एडीओ पंचायत को निर्देश दिए कि ओडीएफ प्लस मार्क ग्रामों में 194 मॉडल ग्राम अभी अवशेष बचे हैं, उन्हें एक सप्ताह में मॉडल ग्रामों में करना सुनिश्चित किया जाए। वहीं योजना के तहत जहां-जहां पर कार्य पूर्ण हो गए या अवशेष हैं उन्हें भी शीघ्र पूर्ण कराते हुए उन कार्यों के फोटो समेत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आरआरसी सैंटर संचालित होने के साथ जहां कूड़ा डोर टू डोर उठाया जा रहा है और उसका निस्तारण किया जा रहा है इसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने ग्राम वासियों को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के बारे में जागरूक कराने के लिए भी निर्देश दिए। विकास भवन सभागार में संपन्न बैठक में डीएम उमेश मिश्रा ने निर्देश दिए कि जहां पर व्यक्तिगत शौचालय के आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन्हें शीघ्र ही बनवाया जाए। वहीं जहां सार्वजनिक शौचालय बने हैं और वे क्रियाशील हैं उसके फोटो व वीडियो सहित रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पंचायत भवन, आरआरसी सैंटर, सार्वजनिक शौचालय आदि के लिए जमीन उपलब्ध नहीं हुई वहां संबंधित खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, लेखपाल, सचिव, ग्राम प्रधान

आपस में बैठक कर जमीन को चिन्हित कर कार्यों में कोई शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र के 15-15 गांव का निरीक्षण करने, ग्राम में जाकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का पात्र को लाभ मिल रहा है, निरीक्षण रिपोर्ट सीडीओ को उपलब्ध कराएं। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयनित पात्र लाभार्थियों के आवास की कौन सी किस्त जारी हुई है, वह नियमानुसार मिली हैं इसकी जांच करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां पर तैनाती है वहीं पर निवास करें। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिए जो भी निर्माण कार्य प्रारंभ करें, निर्माण होने से पूर्व उसका बोर्ड अवश्य लगाए।

उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देश दिए कि श्रमिकों के मानदेय का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किया जाये। बैठक में एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट, डीसी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी समेत समस्त बीडीओ एवं अन्य तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील आपके द्वार कार्यक्रम में राजस्व वसूली पर समीक्षा

मुजफ्फरनगर,12 दिसम्बर (बु.)। जिला पंचायत सभागार में तहसील आपके द्वार कार्यक्रम अभियान के अंतर्गत राजस्व टीम एवं उससे संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि तहसील आपके द्वार अभियान को सफल बनाने के लिए हम लोगों को प्रो एक्टिव होना व पब्लिक के बीच में जाना पड़ेगा। साथ ही उन्हें यह विश्वास दिलाना पड़ेगा कि हम आपकी हर समस्याओं का समाधान करने के लिए बिल्कुल तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कोई परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए ही कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिससे किसी भी व्यक्ति को अपनी समस्या को लेकर दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि दूसरी बात यह है कि पैमाइश के मामले में आज जब जमीन एक-एक इंच बड़ी इंपॉर्टेंट हो गई है, ऐसे में जमीनों की पैमाइश सही तरीके से की जाए। उन्होंने कहा कि टीम पहले जाए, स्थिति देखे, कहां किसका कब्जा, कितनी जमीन और किसकी है मौके की स्थिति क्या है तब नापना शुरू करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित गांव में शौचालय, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी भी जानकारी की जाए तथा मौके पर निस्तारण भी किया जाए। बैठक में राजस्व एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

विधिक सेवा प्राधिकरण ने दिए स्कूली छात्राओं को टिप्स

मुजफ्फरनगर,12 दिसम्बर (बु.)। भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य रूप से रितिश सचदेवा अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ उनकी टीम में धनीराम पीएलवी, गौरव मलिक, सृष्टि, अमरजीत व धर्मेन्द्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विधिक साक्षरता मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत विधित सरकारी हेल्पलाइन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए महिला एवं बाल अधिकार से जागरुकता लाना है। रितिश व उनकी टीम ने बताया कि लोक अदालत के लाभ, राष्ट्रीय लोक अदालत में संदर्भित किए जाने योग्य वाद, प्रकरण, जिला विधि सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त विधिक सेवाओं का विवरण व निःशुल्क विधिक सहायता के लिए पात्रता आदि विषयों की संक्षिप्त जानकारी छात्राओं को प्रदान की।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक प्रमोद कुमार तिवारी व प्रधानाचार्या सीमा गोयल ने इस दौरान सचदेवा व उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

कार खेत में पलटने से दो लोग गंभीर घायल

खतौली, 12 दिसम्बर (बु.)। बीती देर रात अनियंत्रित कार के खेत में पलटने से कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बीती मध्यरात्रि दौराला थाना क्षेत्र के दादरी से बहादुरगढ़ गांव जा रही एक आई-20 कार संख्या यूपी 15 बीडी 0863 अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक खेत में पलट गयी। दुर्घटना में कार सवाल सौरभ पुत्र आदेश मोतला तथा मन्नू पुत्र चमन सिंह निवासीगण गांव टिटौड़ा घायल हो गए। सूचना पर पुलिस द्वारा एम्बूलेंस द्वारा तत्काल घायलों को हाईवे स्थित सेंट फ्रांसिस अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मारपीट करने वाले देवर सहित 2 गिरफ्तार

चरथावल, 12 दिसम्बर (बु.)। थानाक्षेत्र के ग्राम कुटेसरा में भाभी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी देवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा ग्राम हैबतपुर से भी पुलिस ने मारपीट के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम कुटेसरा निवासी एक महिला ने थाने पर प्रार्थना-पत्र देकर अपने देवर तबरेज पर मारपीट करने का आरोप लगाया। महिला के प्रार्थना-पत्र का संज्ञान लेकर एसआई प्रवेन्द्र रंधावा ने हेड कांस्टेबल अजीत कुमार के साथ मिलकर आरोपी तबरेज पुत्र आकिल निवासी ग्राम कुटेसरा थाना चरथावल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया। इसके अलावा दधेड़ू चौकी प्रभारी संजय तोमर ने भी मारपीट करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया है।

तमंचा दिखा चालक से ई-रिक्शा लूटी

बुढ़ाना, 12 दिसम्बर (बु.)। आधा दर्जन युवकों ने तमंचा दिखाकर सरेशाम एक चालक से उसकी ई-रिक्शा लूट ली। घटना की तहरीर पीड़ित ने बृहस्पतिवार को बुढ़ाना पुलिस को दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, क्योंकि पीड़ित आरोपियों से लेन देन की बात भी बता रहा है। तोफीक पुत्र इनाम अब्बासी निवासी गांव उकावली ने बृहस्पतिवार को पुलिस को बताया कि वो ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है। बीते मंगलवार को वो कस्बे के भारत चौक से 2 सवारियां लेकर प्राइवेट बस अड्डे पर जा रहा था। जब वो एक्सचेंज टावर के पास आया, तो 3 बजे 3 बाइकों पर सवार 6 लोगों ने उसे रोककर तमंचा दिखाकर उसकी ई-रिक्शा छीन ली और फरार हो गये। कुछ देर बाद उसके नंबर पर आरोपियों का फोन आया, तो उसको आरोपियों ने अपने गांव आदमपुर बुलाया। जब वह वहां गया, तो अहसान व उसके भाई आशु ने उसके संग मारपीट की और भगा दिया। पीड़ित ने बताया कि उसने अहसान से एक सैकेंड हैंड टेंपू 30 हजार रुपये का लिया था। कागज पूरे नहीं होने के कारण वह टैंपू मेरठ जनपद में पकड़ा गया था, तो उसने पुलिस को 10 हजार रुपए रिश्वत में देकर टैंपू छुड़ा लिया था और कबाड़ी को बेंच दिया था, उसके बाद से अहसान उस पर 1 लाख रुपये और बता रहा है, जबकि उसने अहसान का हिसाब साफ किया हुआ है। इसी के चलते अहसान ने उसका ई-रिक्शा लूट लिया। अब पीड़ित ने बुढ़ाना पुलिस से ई-रिक्शा दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

एसडी कॉलेज में बच्चों को दिए आत्मरक्षा कौशल के टिप्स

मुजफ्फरनगर,12 दिसम्बर (बु.)। एसडी कॉलेज के मिशन शक्ति समिति-एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में आत्मरक्षा कौशल विकास कार्यशाला का गुरूवार को आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिहान वेदप्रकाश शर्मा, सैन्साई अभिषेक शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार पुंडीर व अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। कार्यक्रम संचालन समिति समन्वयक डॉ. प्रतिभा चौधरी ने किया। इस कार्यशाला में चीफ इंस्ट्रक्टर सैन्साई अभिषेक शर्मा व उनके प्रशिक्षुओं ने बच्चों को आत्मरक्षा की खातिर कराटे के नियम सिखाए एवं उनका प्रदर्शन किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने इन नियमों का अभ्यास किया। कार्यशाला के

संयोजक डॉ. नवीन कुमार, सहसंयोजक अजय ने मुख्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संचालिका डॉ. प्रतिभा चौधरी ने बताया कि यह कार्यक्रम हमें यह सिखाता है कि आत्मरक्षा केवल एक कौशल नहीं बल्कि हमारे आत्म विश्वास और मानसिक शक्ति का प्रतीक है। क्योंकि सशक्त महिलाएं ही समाज की सशक्त नींव होती हैं। कार्यक्रम के अंत में पवन कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विभाग ने सभी का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम का आयोजन निकिता एवं मिशन शक्ति समिति की पूरी टीम ने किया। कार्यक्रम में प्रो. अशोक त्रिपाठी, प्रो. कामिनी सिंघल, डॉ. अरविन पंवार, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. पीयूष शर्मा, डॉ. नेहा कनौजिया, पवन कुमार, अरविंद, डॉ. निशा चौहान आदि प्राध्यापक मौजूद रहे। इस दौरान कॉलेज के छात्र छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स ने कार्यशाला में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

नृत्यांगना मंदाक्रांता ने भरत नाट्यम की बिखेरी अद्भुत छटा
नगरपालिका व जैन कन्या इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

मुजफ्फरनगर,12 दिसम्बर (बु.)। स्पिक मैके कार्यशाला की प्रदर्शन श्रृंखला के चौथे दिन जैन कन्या इंटर कॉलेज एवं नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में नृत्यांगना डॉ. मंदाक्रांता रॉय ने भरत नाट्यम की अद्भुत छटा बिखेरी। नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने स्पिक मैके के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए सांस्कृतिक आंदोलन से जुड़ने का आह्वान किया। स्पिक मैके द्वारा आयोजित इस भरतनाट्यम की कार्यशाला श्रृंखला के चौथे दिन मंदाक्रांता रॉय ने प्रथम प्रस्तुति के तौर पर नत्ता कुरिंजी रागम पर आधारित पद्मभूषण प्रोफेसर सीवी चंद्रशेखर की नृत्य रचना में अलारीपु की प्रस्तुति से भक्ति का वातावरण रचा। प्रसिद्ध भक्ति कवि जयदेव की अष्टपदी की प्रस्तुति देख सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इसमें रूठकर चले गए कृष्ण के विरह में राधा की मनःस्थिति को बेहद मनोहारी ढंग से पेश किया गया। मंदाक्रांता के गुरू सीवी चंद्रशेखर की राग-यमन एवं आदि तालम पर निबद्ध प्रस्तुति अत्यधिक मनमोहक बन पड़ी। कार्यक्रम का समापन हमीर कल्याणी पर आधारित सुंदर तिल्लाना से किया तो पूरा हाल तालियों से गूंज उठा। नित्य की भांति उन्होंने बच्चों से भरतनाट्यम की शास्त्रीय क्रिया का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने डॉ. मंदाक्रांता रॉय को पुष्प गुच्छ व उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की धर्मपत्नी आरती अग्रवाल, द एस डी पब्लिक की सचिव सपना कुमार, रेनू अग्रवाल, सभासद कुसुम लता तथा प्रधानाचार्य विजय शर्मा, सुनील शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान प्रधानाचार्या सुमित्रा सिंह ने कलाकार व सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। वहीं जैन इंटर कॉलेज प्रधानाचार्या सारिका जैन ने कलाकारों का पुष्पगुच्छ व उपहार देकर स्वागत किया। डॉ. प्रवीण कुमार व डॉ. मंजू प्रवीण विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्पिक मैके की इस श्रृंखला के आयोजन में मृदुला मित्तल, भावना सिंघल, नीति मित्तल, राहुल सेन, मीनू गोयल, विशु, तीर्थ का विशेष योगदान रहा।

एक सप्ताह बाद भी लापता किशोरी बरामद नहीं

मीरापुर, 12 दिसम्बर (बु.)। मीरापुर से करीब एक सप्ताह पूर्व सम्प्रदाय विशेष का एक युवक मौहल्ले की ही नाबालिग किशोरी को बहका फुसलाकर भगा ले गया था, पुलिस एक सप्ताह बाद भी किशोरी को बरामद करने में असफल है। कस्बे के मौहल्ला सरायगेट निवासी एक नाबालिग किशोरी को मौहल्ले के ही दूसरे सम्प्रदाय के युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया तथा करीब एक सप्ताह पूर्व आरोपी युवक किशोरी को लेकर फरार हो गया था। मामला अलग-अलग सम्प्रदाय से जुड़ा होने के कारण लोगों में रोष पनप रहा है। किशोरी के भाई ने आरोपी युवक सुहैल पुत्र इकराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के करीब एक सप्ताह बाद भी पुलिस किशोरी को बरामद नहीं कर सकी है।

सर्विसेज क्लब में नवनिर्मित पैदल भ्रमण मार्ग का उद्घाटन अध्यक्ष / डीएम ने किया

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बुस.)। सर्विसेज क्लब प्रांगण में नवनिर्मित पैदल मार्ग का उद्घाटन अध्यक्ष उमेश कुमार मिश्रा (डीएम मुजफ्फरनगर) के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष / डीएम द्वारा क्लब की गतिविधियों को देखा गया तथा सदस्यों के लिये बैडमिंटन, स्विमिंग पूल, जिम, कार्ड्स, स्क्वैश, बिलियर्ड्स, लॉन टेनिस, टेबिल टेनिस आदि की व्यवस्थाओं को देखते हुए प्रशंसा की गयी। वर्तमान समय में सरकार द्वारा खेलों के लिए काफी प्रोत्साहन किया जा रहा है। क्लब की गतिविधियों से बच्चों को एक समुचित माहौल प्राप्त होगा। क्लब के उपाध्यक्ष अमित गर्ग ने इस अवसर पर आगंतुक सभी अधिकारियों, सदस्यों एवं उनके पारिवारिक सदस्यों का स्वागत किया और अपनी आगामी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में सचिव / अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), नरेन्द्र बहादुर सिंह, संयुक्त सचिव पंकज कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष उमेश गोयल एडवोकेट, अनिल आनन्द एडवोकेट, देवेन्द्र कुमार गर्ग, भुवनेश गुप्ता, अमित अरोरा, अमित मित्तल, निष्काम गर्ग, विजय वर्मा, अशोक अग्रवाल, अशोक सरीन, शिशिर संगल, शोभित चौधरी, ब्रजमोहन सिंघल, दुष्यन्त त्यागी एडवोकेट, डॉ. सुमित जैन एवं अन्य सम्मानित सदस्य मौजूद थे।

शाहपुर के नामदेव समाज ने छात्रा अंशिका को किया सम्मानित

- होनहार बच्चों से बढ़ता है समाज का गौरव : सोनू नामदेव

शाहपुर, 12 दिसम्बर (बु.)। कस्बा निवासी अंशिका नामदेव के बीएससी प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर नामदेव समाज के लोगों ने छात्रा को सम्मानित किया। कस्बे के मौहल्ला रामनगर निवासी मामचंद नामदेव की पुत्री अंशिका नामदेव ने बीएससी प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कस्बे के नामदेव समाज के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने छात्रा के घर पर पहुंचकर छात्रा को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रा के परिजनों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान नामदेव समाज के अध्यक्ष सोनू नामदेव ने कहा समाज के होनहार छात्र-छात्राओं से समाज का गौरव बढ़ता है। अपने बच्चों को पढ़ाने वाले माता-पिता का भी सम्मान बढ़ता है। ऐसे जो बच्चे समाज का नाम रोशन करते रहते हैं, समाज हमेशा ऐसे बच्चों का उत्साहवर्धन करता रहेगा तथा छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अंशिका नामदेव ने बुढ़ाना के एसडी डिग्री कॉलेज से बीएससी प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा को सम्मानित करने के दौरान नामदेव समाज के अध्यक्ष सोनू नामदेव के अलावा सिद्धार्थ नामदेव, नवनीत नामदेव, विकास नामदेव, दीपक नामदेव, मोहन नामदेव, सतपाल नामदेव, सावंत नामदेव, राजेश नामदेव, रोहतास नामदेव, घनश्याम मुन्ना नामदेव (चाट वाले) आदि मौजूद रहे।

बंद घर में लगी आग से बारदाना हुआ खाक

बुढ़ाना, 12 दिसम्बर (बु.)। बंद पड़े घर में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी, जिसमें 50 हजार रुपये की कीमत का बारदाना जलकर खाक हो गया। इस सम्बंध में बुढ़ाना पुलिस को सूचना नहीं दी गयी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बा चौकी क्षेत्र के मौहल्ला नई बस्ती में बाबू पुत्र यामीन कुरैशी के दो मकान अलग-अलग हैं, जिनमें एक मकान काफी दिनों से बंद है। जिसमें वे अपनी दुकान का बारदाना रखते हैं। मकान में खाली कैरेटें, तीन जोड़ी दरवाजे, बड़ी छतरी, टंकी, बांस, बोरियां, प्लास्टिक के कट्टे, बल्ली व? अन्य सामान रखा हुआ था। बीती 10 दिसम्बर की देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने मकान के अंदर रखे बारदाने में आग लगा दी। मकान से धुआं उठने पर पड़ोसियों ने इसकी सूचना मकान मालिक बाबू को दी, तो बाबू ने शोर मचा दिया। तब शोर-शराबा सुनकर मौहल्ले के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक 50 हजार रुपये की कीमत का बारदाना जलकर राख हो चुका था। पीड़ित बाबू ने बताया कि उसके मकान में पहले भी आग लग गयी थी, जिसमें पहले भी हजारों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गयी थी। इस बार भी आग किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा ही लगाई गयी है। पीड़ित बाबू ने इस बार भी घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को नहीं दी है।

WANTED :
MALE/FEMALE
TRAINED
XEROX
OPERATOR
Send Resume At
Whatsapp No.
9897551382
Please Don't Make A Call

सिविल बार चुनाव को लेकर बढ़ी सरगर्मी, सूची प्रकाशित

मुजफ्फरनगर,12 दिसम्बर (बु.)। एल्डर कमेटी द्वारा पारित किए सिविल बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव कार्यक्रम के तहत 16 दिसंबर को नामांकन व 20 को चुनाव व 21 दिसंबर को मतगणना की जाएगी। कमेटी की ओर से शुरू तैयारियों के बीच सिविल बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के चुनाव में इस बार कुल 388 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान कर सकेंगे। सिविल बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी में किस्मत को आजमाने की खातिर अध्यक्ष सहित कई पदों के दावेदार चुनाव मैदान में सक्रिय दिखाई देने लगे हैं। आगामी चुनाव में संभावित दो ग्रुपों के 18-18 एग्जिक्यूटिव मैम्बर चुनाव मैदान में होंगे, जिनमें अध्यक्ष, महासचिव समेत अन्य पदों के लिए चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमाएंगे। सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए गुरूवार को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई। एल्डर कमेटी की तैयारियों में चुनाव के लिए नामांकन 16 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक, नामांकन पत्रों की जांच 16 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे व नाम वापसी 17 दिसम्बर तथा मतदान यदि आवश्यक हुआ तो 20 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक एवं मतगणना व चुनाव परिणाम 21 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से चुनाव परिणाम घोषित होने तक किया जाएगा। एल्डर कमेटी के चेयरमैन अवध बिहारी लाल गुप्ता रिटर्निंग ऑफिसर होंगे।

गांव ढांसरी गेट के सामने कट बनवाने की मांग

जानसठ, 12 दिसम्बर (बु.)। गांव ढांसरी की ग्राम प्रधान अ

भाजपा विधायक पर दुष्कर्म का केस दर्ज करने का आदेश

बदायूं, 12 दिसंबर (एजेंसी)। जमीन हड़पने और महिला से सामूहिक दुष्कर्म समेत कई आरोपों में एमपीएमएलए कोर्ट ने भाजपा के बिल्सी विधायक समेत 16 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश किया है। भाजपा विधायक पर आरोप है कि इन्होंने अपने भाइयों और अन्य लोगों के साथ गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर लिया। साथ ही एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो पीड़ित कोर्ट पहुंचे। कोर्ट ने दस दिनों के अंदर रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया है। सिविल लाइंस क्षेत्र के एक युवक का बिल्सी के भाजपा विधायक हरीश शाक्य, उनके भाई व अन्य कुछ लोगों से दो वर्ष से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में युवक ने कहा कि विधायक उसकी 20 बीघा जमीन को हड़पना चाहते हैं। 17 सितंबर वर्ष 2024 को युवक की मां और उसकी पत्नी विधायक के कैंप कार्यालय पर पहुंची तो पत्नी के साथ विधायक अन्य व अन्य दो लोगों ने दुष्कर्म किया। पूरे मामले को सुनने के बाद न्यायाधीश लीलू चौधरी ने विधायक समेत 16 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश पुलिस को दिए।

लोकसभा में आज संविधान पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, 12 दिसंबर (एजेंसी)। लोकसभा में संविधान को लेकर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से विशेष बहस होगी। यह बहस शनिवार 14 दिसंबर को शाम पांच बजे तक चलेगी। भाजपा ने लोकसभा के अपने सभी सांसदों को 13 और 14 दिसंबर, 2024 को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। दोनों सदनों में इस दौरान कुछ महत्वपूर्ण विधायी कार्यों पर चर्चा होनी है।

सी-20 क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण

बंगलूरू, 12 दिसंबर (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की। इसरो के सी20 क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। इस परीक्षण में इंजन ने सामान्य वातावरण की परिस्थितियों में अपनी कार्यक्षमता को साबित किया है। इसमें एक खास तकनीक को शामिल किया गया, जिसे 'रिस्टार्ट एनबलिंग सिस्टम' कहा जाता है। यह तकनीक भविष्य के मिशनों को सफल बनाने में मदद करेगी। अंतरिक्ष एजेंसी ने यह जानकारी दी।

रेलवे की घोषणा: पांच घंटे तक नहीं करा सकेंगे ट्रेनों में रिजर्वेशन और कैंसिलेशन

नई दिल्ली, 12 दिसंबर (एजेंसी)। अगर आप ट्रेन से सफर करने की सोच रहे है तो ध्यान दें। 14 दिसंबर की रात में 11:45 से 15 दिसंबर की सुबह 4:45 बजे तक कंप्यूटरीकृत सेवा नहीं मिलेगी। कुल पांच घंटों के लिए पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम को बंद रखने का एलान रेलवे ने किया है। इसका मतलब यह हुआ कि इस पांच घंटे के दौरान रिजर्वेशन, कैंसिलेशन, चार्टिंग, पीआरएस इंक्वायरी काउंटर के साथ 139 पर न कोई जानकारी उपलब्ध होगी और न ही इंटरनेट के माध्यम से टिकट की बुकिंग व कैंसिलेशन का काम होगा। इस संबंध में रेलवे ने औपचारिक बयान जारी किया है। पीआरएस का मतलब होता है पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम। यह रेलवे की ऑनलाइन टिकट बुकिंग सर्विस है। पीआरएस सेवा का उपयोग करके पैसेंजर ट्रेनों में रिजर्व और अनरिजर्व टिकट की बुकिंग कराते हैं। इसके तहत यात्रियों को बिना स्टेशन पहुंचे घर बैठे टिकट बुक कराने की सुविधा मिलती है। लिहाजा शनिवार देर रात को अगर आप ट्रेन से यात्रा करने की सोच रहे है तो रात पौने बारह बजे के पहले ही ऑनलाइन टिकट की बुकिंग कराकर अपने ट्रेनों की स्थिति पता करके ही घर से निकलें।

पांच घंटे तक सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा

1. पीएनआर पूछताछ
2. करंट रिजर्वेशन
3. निरस्तीकरण
4. चार्टिंग
5. असाधारण डेटा रिपोर्ट (ईडीआर)
6. काउंटरों पर पीआरएस रिपोर्ट

हथकड़ी लगे बंदी से सिपाही ने चलवाई बाइक, खुद हेलमेट लगाकर बैठा पीछे

मैनपुरी, 12 दिसंबर (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर गुरुवार को एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें हाथो में हथकड़ी पहना एक बंदी बाइक चलाते हुए नजर आ रहा है। वहीं, पीछे एक आरक्षी हेलमेट लगाकर बैठा है। वीडियो यूपी के मैनपुरी का बताया जा रहा है। किसी कार सवार ने बनाकर वायरल किया है। एसपी ने मामले में जांच बैठा दी है। वायरल वीडियो 18 सेकंड का है। इसमें दिख रहा है कि एक बंदी के हाथ में हथकड़ी के साथ रस्सी लगी हुई है। वह आरक्षी को पीछे बैठाकर भोगांव की ओर बाइक चलाकर जा रहा है। एक कार सवार ने इस वीडियो को बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसको लेकर लोग पुलिस पर की कार्यप्रणाली पर कमेंट भी आ रहे हैं। कार सवार की ओर से वीडियो भोगांव का होने की बात कही जा रही है।

40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़कर सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन बने गुकेश

18 साल की उम्र में 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ा

नई दिल्ली, 12 दिसंबर (एजेंसी)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 14वें और अंतिम दौर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। लिरेन को हराकर वह सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन बन गए। 18 वर्ष की उम्र में उन्होंने इतिहास रच दिया। 6.5 अंको के साथ खेल की शुरूआत हुई थी। अंतिम मैच भी ड्रॉ की तरफ बढ़ता दिख रहा था कि तभी लिरेन की एक गलती उनके लिए भारी पड़ गई और गुकेश को जीत दिला गई। 12 साल के बाद किसी भारतीय ने इस खिताब को अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की है। कैंडिडेट्स शतरंज टूनामेंट जीतने के साथ ही गुकेश 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए। रूस के पूर्व महान कास्पारोव 22 साल के थे जब उन्होंने 1984 में हमवतन अनातोली कारपोव के साथ भिड़ने के लिए क्वालिफाई किया था। अब गुकेश इस साल के आखिर में विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती पेश करेंगे। गुकेश ने 18 साल आठ महीने 14 दिन की उम्र में यह खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 22 वर्ष छह महीने 27 दिन की उम्र में खिताब जीता था। गुकेश से पहले भारत के विश्वनाथन आनंद (2000-2002 और 2007-2013) विश्व शतरंज चैंपियन रहे। गुकेश के लिए साल का अंत शानदार रहा है। इस साल वे कई और खिताब जीत चुके हैं, जिनमें कैंडिडेट्स 2024 टूनामेंट और शतरंज ओलंपियाड शामिल है, जिसमें उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था। शतरंज की दुनिया की नई सनसनी 17 वर्षीय गुकेश ने अपने करियर में कई बार दुनिया को चौंकाया है। वह इस छोटी सी उम्र में कई रिकॉर्ड बना चुके हैं। वह 12 साल, सात महीने, 17 दिन की उम्र में भारत के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बन गए थे और दुनिया के सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर का टैग केवल 17 दिनों से चूक गए थे। उन्होंने पिछले साल पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को



पछाड़कर 36 साल बाद पहली बार देश के शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी के रूप में प्रवेश किया। अब उन्होंने उस प्रभावशाली सूची में एक और उपलब्धि जोड़ दी है।

देवबंद में दो रोहिंग्या पुलिस हिरासत में

देवबंद (सहारनपुर) 12 दिसंबर (वार्ता) उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के देवबंद में एनआईए और एटीएस की टीम ने छापेमारी कर दो रोहिंग्याओं को हिरासत में लिया है। दोनों की लखनऊ जेल में बंद जमात-ए-मुजाहिदीन बांग्लादेश के सदस्य के संपर्क में होने की बात सामने आई है। एनआईए की टीम लगातार उनसे पूछताछ कर रही है। सूत्रों ने बताया कि गुरुवार तड़के करीब चार बजे एनआईए और एटीएस की टीम दारुल उलूम देवबंद पहुंची और यहां के प्रबंध तंत्र को विश्वास में लेते हुए छात्रावास में रह रहे दिल्ली निवासी एक छात्र से पूछताछ की, जिसके आधार पर टीम ने दारुल उलूम के बाहर एक प्राइवेट हॉस्टल में रह रहे खलीलुल्लाह पुत्र सईद नामक रोहिंग्या को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में टीम उसे लेकर मोहल्ला कायस्थवाड़ा स्थित एक प्राइवेट हॉस्टल पहुंची और यहां पर रह रहे रजीबुल्लाह पुत्र सोना अली नामक रोहिग्या को हिरासत में लिया और दोनों को आमने सामने बैठाकर घंटों पूछताछ की। दोपहर करीब बारह बजे एनआईए की टीम दोनों रोहिग्याओं को लेकर दारुल उलूम के मेहमानखाने आ गई और यहां भी उनसे पूछताछ करती रही। बताया जाता है कि दोनों लखनऊ जेल में बंद जमात ए मुजाहिदीन (बांग्लादेश) के सदस्य के संपर्क में थे और दोनों ने ही जमात-ए-मुजाहिदीन बांग्लादेश की कई पोस्ट को लाइक भी किया था।

भड़काऊ भाषण मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान समेत छह नेता कोर्ट में पेश, 23 दिसम्बर नियत की गई अगली तिथि

मुजफ्फरनगर, 12 दिसम्बर (बु.)। 31 अगस्त 2013 को नंगला मंदौड़ के मैदान में एक पंचायत का आयोजन किया गया था। पंचायत में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा, पूर्व सांसद कुंवर भारतेन्दु, पूर्व विधायक उमेश मलिक, श्यामपाल चेयरमैन, साध्वी प्राची, योगेश, मिन्टू, बिट्टू सिखेड़ा, विरेन्द्र प्रमुख, कल्लू सहित कई अज्ञात के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने व अन्य आरोपों में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उक्त मामले में पुलिस ने सभी 14 आरोपियों के खिलाफ चार्ज शीट कोर्ट में पेश की थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया कि मामले की सुनवाई एमपी एमएमए कोर्ट के न्यायाधीश देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही है। गुरूवार को इस मामले में पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा, पूर्व विधायक उमेश मलिक, श्यामपाल चेयरमैन, योगेश व बिट्टू सिखेड़ा कोर्ट में पेश हुए। अन्य आरोपियों के कोर्ट में पेश न होने के कारण कोर्ट में आरोप तय नहीं हो सके, इसके लिए चलते उक्त मामले की सुनवाई के लिए तिथि अब 23 दिसम्बर रखी गई है।

जेएनयू में साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में पथराव

नई दिल्ली, 12 दिसंबर (एजेंसी)। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में गुरुवार को एक आयोजन में पथराव हो गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा अभिनेता विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया जा रहा था। इस दौरान लेफ्ट के छात्रों पर पथराव का आरोप एबीवीपी ने लगाया है।

फिल्म की स्क्रीनिंग साबरमती ढाबा के बैडमिंटन कोर्ट में चल रही थी कि अचानक हुई पत्थरबाजी के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। फिल्म को देखने के लिए बड़ी संख्या में छात्र जुटे थे। ये फिल्म गुजरात के गोधरा कांड पर बनी है। दो दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देख चुके हैं। यहां मेकर्स ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित की थी। इस स्क्रीनिंग में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई मंत्री और सांसद भी पहुंचे थे। इस विशेष अवसर पर फिल्म की स्टार कास्ट से विक्रांत मैसी, राशि खन्ना, रिद्दी डोगरा समेत मेकर्स भी मौजूद रहे थे। कुछ तस्वीरें साझा करते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'द साबरमती रिपोर्ट' की स्क्रीनिंग में एनडीए के साथी सांसदों के साथ शामिल हुआ। मैं फिल्म के निमार्ताओं के प्रयासों की सराहना करता हूं।' वहीं, पीएम मोदी के साथ बैठकर फिल्म देखने पर एक्टर विक्रांत मैसी ने भी खुशी जाहिर की। अभिनेता विक्रांत मैसी ने स्क्रीनिंग के बाद संवाददाताओं से कहा, 'मैंने प्रधानमंत्री और सभी कैबिनेट मंत्रियों और कई सांसदों के साथ फिल्म देखी। यह एक विशेष अनुभव था। मैं इसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाऊंगा, क्योंकि मैं बहुत खुश हूं। यह मेरे करियर का सबसे अच्छा पल है, जब मुझे प्रधानमंत्री के साथ अपनी फिल्म देखने का मौका मिला।'

कॉमेडियन सुनील पाल को बिजनौर के स्वयंवर मंडप में बंधक रखा, चार अपहरणकर्ता गिरफ्तार, बाकी की तलाश

मेरठ, 12 दिसंबर (एजेंसी)। कॉमेडियन सुनील पाल के चार अपहरणकर्ता पुलिस ने दबोच लिए हैं। पुलिस के अनुसार लवी पाल उर्फ लवी चौधरी ने राहुल के नाम से अपनी फर्जी इवेंट कंपनी के नाम से बुकिंग कर सुनील पाल को मुंबई से दिल्ली बुलाया। दिल्ली एयरपोर्ट से सुनील को कार में बैठाया। दिल्ली में ही जैन शिकंजी पर नाश्ता कराया और फिर बिजनौर स्थित स्वयंवर मंडप में बंधक बनाकर रखा। यह कहानी अपहरण करने वाले मुख्य आरोपी अर्जुन कर्णवाल, आजिम और सैनुद्दीन उर्फ सैफू ने पुलिस को बताई है। पांच आरोपियों के परिजनों को भी पुलिस ने हिरासत में ले रखा है। फर्जी इवेंट कंपनी में आठ बदमाश शामिल हैं। आरोपी अर्जुन कर्णवाल, आजिम और सैफू ने बताया कि सुनील पाल के बैंक खाते में बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन रकम आरोपी लवी पाल ने डाली थी। लवी ने राहुल के नाम से फर्जी इवेंट कंपनी बना रखी थी। राहुल बनकर ही सुनील पाल से फोन पर बात की थी। सुनील पाल का अपहरण करने और फिरौती वसूलने में बिजनौर की नई बस्ती निवासी लवी पाल, अर्जुन कर्णवाल, अजीम और सैनुद्दीन उर्फ सैफू सहित अन्य शामिल हैं। मेरठ पुलिस की एक टीम मुंबई पहुंच गई है। फरार अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस उनके करीबियों से संपर्क साध रही है।

तीन साल बाद पूर्व विधायक उमेश मलिक पर हमले का आरोपी मनोज बालियान गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर,12 दिसम्बर (बु.)। न जाने देश की कानून व्यवस्था किस तरह की है कि पूर्व विधायक पर हमले के आरोपी भी तीन-तीन साल बाद पकड़े जाते हैं। हालांकि पीड़ितों को तीन साल बाद भी राहत का अनुभव महसूस होता गुरूवार को दिखाई दिया। दरअसल 14 अगस्त 2021 को बुढ़ाना के तत्कालीन विधायक उमेश मलिक जन कल्याण समिति के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने सिसौली गए थे। चुनावी तैयारियों का दौर था। इसी दौरान उमेश मलिक के काफिले पर काला तेल डालकर पथराव व फायरिंग की गयी थी। इस मामले में भाकियू समर्थकों ने उमेश मलिक के विरोध में जमकर हंगामा किया था, जिसमें उमेश मलिक सहित सुरक्षा में तैनात दो पुलिसकर्मी समेत कई लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने ओमेन्द्र की तहरीर पर भाकियू के 9 समर्थकों के खिलाफ तहरीर दी थी। शासन के आदेश पर मुकदमा दर्ज करने के बाद विवेचना अपराध शाखा में स्थानान्तरित हुई थी। विवेचक इंस्पेक्टर मोहन सिंह ने हमले में घायल पीड़ितों के बयान दर्ज करने के बाद नामजद आरोपित गौतम, संदीप उर्फ हजारी, मनोज, अनंगपाल, शरणवीर, रकमपाल, संजीव, गौरव व शोवीर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी। उक्त मामले में भौराकलां पुलिस ने तीन साल बाद मनोज बालियान को गिरफ्तार कर लिया।

उमेश मलिक बोले न झुका न टूटा, अब जगी न्याय की आस

मुजफ्फरनगर। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने तीन साल पहले हुए हमले में आज हुई मनोज बालियान की गिरफ्तारी के बाद कहा कि इस पूरे मामले में उन्हें समझौते के खूब ऑफर आए मगर उन्होंने यह अवसर एक तरफा से नकार दिये। उनका कहना है कि पिछल्ले तीन साल में उन्हें झुकाने व तोड़ने की पूरी कोशिश की गयी मगर वे किसी भी प्रकार से झुके ही नहीं। आज तीन साल बाद ही सही इस फैसले ने न्याय की उम्मीद जगाई है। उनका कहना था कि टिकैत परिवार के एक सदस्य भी उक्त मामले में नामजद हैं और टिकैत परिवार से लोहा लेना उनके लिए आसान नहीं है। ऐसे में उन्होंने निडरता से काम लिया और लगातार अपनी लड़ाई जारी रखी और तीन साल बाद कोर्ट के आदेश पर पहले आरोपी को पकड़ने में पुलिस सफल रही। बताया जाता है कि कोर्ट के द्वारा आरोपी मनोज बालियान के खिलाफ एनपीडब्लू वारंट जारी किये गए थे, उसी आधार पर उसकी गिरफ्तारी हो गयी।



छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 7 माओवादी ढ़ेर

जगदलपुर, 12 दिसम्बर (वार्ता) छत्तीसगढ़ में नारायणपुर जिले के सीमा में गुरुवार की सुबह नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ में सात नक्सली मारे गए, जिनकी शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि आज नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा, दतेवाड़ा इलाके में नक्सली विरोधी संयुक्त अभियान चलाय गया। उन्होंने बताया कि तड़के तीन बजे से रूक-रूक कर गोलीबारी हो रही थी। उन्होंने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सल विरोधी सर्च अभियान में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के साथ विशेष कार्य बल (एसटीएफ)- केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। इस इलाके में पुलिस नक्सली मुठभेड़ सात नक्सली मारे गए जिनकी शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है।

अवैध खनन करते तीन डंपर व दो ट्रैक्टर ट्रॉलियां पकड़ी

एसडीएम सदर और खनन अधिकारी की संयुक्त छापेमारी

मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)। हाल में मंसूरपुर क्षेत्र में अवैध खनन का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने इसे रोकने पर सख्ती दिखाई है। एसडीएम सदर ने खनन अधिकारी के साथ मिलकर खनन माफिया की कमर तोड़ने का काम किया है। अवैध खनन के खिलाफ अभियान में एसडीएम सदर निकिता शर्मा और खनन अधिकारी आशुतोष सिंह ने संयुक्त रूप से शेरपुर इलाके में छापेमारी करते हुए इस धंधे में लगे तीन डंपर पकड़े हैं। पुलिस को सुपुर्द कर इन डंपरों को पकड़कर चौकी में खड़ा कर दिया गया है। इसके साथ ही जौली रोड पर बेखौफ चल रहे अवैध खनन और परिवहन पर कार्रवाई करते हुए इस टीम ने अवैध खनन कर मिट्टी ले जा रही दो ट्रैक्टर ट्रॉलियां पकड़ी हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से इन माफियाओं को कड़ा संदेश मिल रहा है। प्रशासन की इस सख्ती ने अवैध खनन में लगे लोगों में हड़कंप मचा है। एसडीएम निकिता शर्मा ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और किसी भी सूरत में इसे सहन नहीं किया जाएगा।

अलग राह पकड़ेंगे आजम खां!; पत्र में अखिलेश को दिया ये संदेश

लखनऊ, 12 दिसंबर (एजेंसी)। क्या यूपी में आम विधानसभा चुनाव से पहले जेल में बंद सपा महासचिव आजम खां अलग राह पकड़ सकते हैं? उनके नजदीकी नेता बताते हैं कि रामपुर के मामले में इंडिया गठबंधन पर निशाना साध आजम ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को ही संदेश देने का काम किया है। जिस तरह से रामपुर में लोकसभा का टिकट पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम की बिना मर्जी के दिया गया और संभल के सांसद पर एफआईआर को सपा ने प्रमुखता दी, उससे कहीं न कहीं आजम को मुसलमानों को बीच अपनी सियासी जमीन भी खिसकती दिखाई दे रही है। संभल पर सपा और कांग्रेस के बीच सियासी दरार पड़ती नजर आ रही है तो जेल में सजा काट रहे आजम खां ने इंडिया गठबंधन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। रामपुर के सपा जिला अध्यक्ष अजय सागर ने आजम के सियासी संदेश को पत्र के जरिये लोगों के सामने रखा है।

'एक देश एक चुनाव' बिल को कैबिनेट मिली मंजूरी

नई दिल्ली, 12 दिसंबर (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक को मंजूरी दे दी। सूत्रों ने बताया इस फैसले के बाद एक व्यापक विधेयक आने की उम्मीद है। इससे पहले सितंबर में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर बनी कोविंद समिति की रिपोर्ट को मंजूरी दी थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले 2019 में 73वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक देश एक चुनाव के अपने विचार को आगे बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि देश के एकीकरण की प्रक्रिया हमेशा चलती रहनी चाहिए। 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी प्रधानमंत्री ने इस पर विचार रखा था। आखिर क्या है एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव? पहले कब उठा था यह मुद्दा? क्या पहले कभी एक साथ देश में चुनाव हुए हैं? इस पर चुनाव आयोग का क्या रुख है? एक साथ चुनाव पर अभी क्या हुआ है? कोविंद समिति की सिफारिशें क्या हैं? इस प्रस्ताव का उद्देश्य पूरे देश में लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराना है। फिलहाल लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग होते हैं, या तो पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद या जब सरकार किसी कारण से भंग हो जाती है। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है, उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं।

शीत लहर ने जकड़ा शहर, पारा: 21.8/6.6

मौसम का सबसे ठंडे दिन और रात ने ठिठुराया

मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)। धूप के बावजूद ठिठुरन भरे दिन और कुडकुड़ाती शाम के साथ एक बार फिर से शीत लहर ने शहर को जकड़ लिया है। इस मौसम के अभी तक के सबसे ठंडे दिन के साथ आज अधिकतम तापमान 21.8 और न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह से शुरू हुए ठिठुरन के दौर में दिन में अच्छी धूप सुहानी लगी, लेकिन शाम होते ही फिर सर्दी के तेवर तीखे होने के साथ बाजारों में जल्द ही सन्नाटा पसरने लगा। मौसम विभाग की मानें तो अभी ठंड के तेवर और तीखे होने वाले हैं। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी का असर मैदानों को कड़क ठंड से ठिठुरा रहा है। हवाओं के चलते कोहरा तो गायब है, लेकिन रात में पाला पड़ रहा है। हालत यह है कि मौसम के नए तेवर जन जीवन को ठिठुरा रहे हैं। शहर में जिंदगी धूप के समय में सिमटती जा रही है। दस बजे तक सड़कों पर अधिक चहल पहल नजर नहीं आती। इसके बाद दिन में पूरी भागदौड़ का समय रहता है। लेकिन शाम को जल्द ही सड़कों पर चहल पहल कम हो जाती है। बीती

रात मौसम की अभी तक की सबसे ठंडी रात रही तो सुबह भी सनसनाती ठंडी हवाएं लेकर आई। दिन चढ़ते धूप खिली तो लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद धूप में खुशनुमा दिन के बाद शाम होते ही फिर से ठंड के तेवर तीखे हुए तो सड़कों पर जल्द ही सन्नाटा पसरता नजर आया। ऐसे में दुकानदार भी जल्द ही दुकानें बंद करके घरों को लौटते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत के पहाड़ों पर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जो कल तक समाप्त होने की संभावना है। यह प्रणाली मैदानी इलाकों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर राजस्थान और पश्चिम उत्तर प्रदेश में किसी मौसम गतिविधि से जुड़ी नहीं है। जैसे ही यह विक्षोभ समाप्त होगा, ठंडी हवाएं पहाड़ों की ढलानों से नीचे बहकर इन मैदानी क्षेत्रों को प्रभावित करेंगी। इससे अगले तीन दिनों तक दिल्ली/एनसीआर में तापमान और गिर सकता है। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्का कोहरा देखने को मिल सकता है। दिन और रात के समय आसमान साफ रहेगा, जिससे विकिरण की निकासी में मदद मिलेगी और न्यूनतम तापमान में अधिक गिरावट होगी। यह स्थिति लगातार ठंडे मौसम को बनाए रखेगी।

छह बजे जलते हैं अलाव, दस बजे तक हो जाते हैं ठंडे

मुजफ्फरनगर, 12 दिसंबर (बु.)। ठंड के तेवर तीखे होने के बाद जहां जन जीवन ठिठुर रहा है वहीं गर्म कपड़ों में लिपटे लोग ठंड भगाने का जतन करते नजर आ रहे हैं। डीएम की सख्ती के बाद शहर में मुख्य चौराहों पर अलाव जल रहे हैं। इसमें अब शिकायत यह है कि पांच से छह बजे के बीच लकड़ियां जला दी जाती हैं, जो नौ दस बजे तक खत्म हो जाती हैं। इसके बाद अलाव को जारी रखने का कोई बंदोबस्त नहीं है। ऐसे में देर रात में सड़कों पर नजर आने वाले लोग और पुलिसकर्मी भी ठंड में ठिठुरते नजर आ रहे हैं। शहर में शिवचौक, जिला अस्पताल, रैन बसेरे, रोडवेज के अलावा गांधी कॉलोनी और नई मंडी में निर्धारित स्थानों पर अलाव सुलगते नजर आ रहे हैं।

जौनपुर पहुंची बंगलूरु की टीम, एसपी से मांगी गई पुलिस फोर्स; हो सकती है बड़ी कार्रवाई

जौनपुर। अतुल सुभाष की आत्महत्या के मामले में हुए मुकदमे में गुरुवार को बंगलूरू पुलिस जौनपुर पहुंची। बंगलूरू से उप निरीक्षक रंजीत कुमार के साथ चार सदस्यीय पुलिस टीम आई है, जिसमें तीन एक दरोगा, एक महिला एसआई, दो कॉन्सटेबल शामिल हैं। टीम बंगलूरू से फ्लाइट से बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंची। इसके बाद चार पहिया वाहन से जौनपुर के कोतवाली थाने पहुंची। टीम के साथ जौनपुर के सीओ सिटी आयुष श्रीवास्तव ने क्षेत्रीय पुलिस के साथ करीब दो घंटे तक बातचीत की। कोतवाल मिथिलेश मिश्र ने बताया कि टीम जौनपुर में रात्रि विश्राम करेगी, जो भी कार्रवाई है वह सुबह होगी।

तमिलनाडु के अस्पताल में लगी भीषण आग, छह लोगों की मौत

चेन्नई, 12 दिसंबर (एजेंसी)। तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले में स्थित एक निजी अस्पताल में भीषण आग लग गई, जिससे कई लोगों के हताहत होने की आशंका जताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, छह लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, मृतकों की संख्या के बारे में तत्काल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। टीवी पर दिखाए जा रहे दृश्यों में इमारत से आग और धुआँ निकलता हुआ दिखाई दे रहा था। जिस पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियों को लगाया गया है।

केजरीवाल के सामने संदीप दीक्षित प्रत्याशी

नई दिल्ली, 12 दिसंबर (एजेंसी)। कांग्रेस ने गुरुवार को अपनी पहली सूची जारी कर दी है। पहली सूची में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, अनिल चौधरी, संदीप दीक्षित और हारुन यूसूफ जैसे बड़े नाम शामिल हैं। कांग्रेस की पहली सूची देखकर ही लग रहा है कि इस बार वह मजबूत लड़ाई के इरादे से मैदान में उतर रही है। कांग्रेस की पहली सूची में सबसे बड़ा नाम स्वयं प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव का कहा जा सकता है जो बादली सीट से अपनी किस्मत आजमाएंगे। वे पहले भी इस सीट से प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस बार बदली परिस्थितियों में वे कांग्रेस के लिए अच्छी लड़ाई लड़ सकते हैं। लेकिन नई दिल्ली से यदि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल चुनाव लड़ते हैं तो उनके सामने कांग्रेस से संदीप दीक्षित उम्मीदवार होंगे। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर चुके हैं। उन्हें दिल्ली की राजनीति में बड़ा नाम माना जाता है।

दिल्ली-एनसीआर में जारी रहेंगे ग्रेप-2 के प्रतिबंध, पिछला आदेश बरकरार

नई दिल्ली, 12 दिसंबर (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली एनसीआर में ग्रेप-2 नियम का जारी रखा है। अगले आदेश तक राजधानी में ग्रेप-2 की पाबंदियां जारी रहेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ग्रेप 4 के प्रतिबंध पर जो राहत दी गई थी, वो जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ कहा कि केंद्र से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) में नियुक्ति के लिए पर्यावरण, कृषि और अन्य संबंधित क्षेत्रों के शीर्ष विशेषज्ञों से विचार करने के लिए कहा है। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि दिल्ली सरकार ने पीठ को बताया कि उसने जनवरी तक पटाखों पर प्रतिबंध लगाया है, लेकिन वह पूरे साल प्रतिबंध लागू करने पर विचार कर रही है, जिसे जल्द ही अधिसूचित किया जाएगा।

आज निजीक